दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 49
कोटद्वार शुक्रवार
9 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण

**बालासोर, एजेंसी।** भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्रों को मजबूत कर रहा है। वहीं, अब नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का डीआरडीओ ने सफलता पूर्व परीक्षण किया है। यह परीक्षण 07 जून को शाम 7.30 बजे किया गया था।भारत की स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड और डीआरडीओ ने मिलकर ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर अग्नि प्राइम का परीक्षण किया था। मिसाइल अपने सभी मानकों पर खरा उतरा। इस टेस्ट के दौरान मिसाइल ने निर्धारित सभी मानकों और उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया।



अग्नि प्राइम मिसाइल नई पीढ़ी की मिसाइल है। इसकी रेंज एक से दो हजार किलोमीटर है। अधिकारी ने जानकारी दी कि अग्नि प्राइम मिसाइल के तीन सफल परीक्षणों के बाद यह पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था। यह परीक्षण इस सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता को मापने के लिए किया गया था। जिसमें यह खरा उतरा है।इस मिसाइल के पूरे ट्रैजेक्टरी को कवर करने और उड़ान डेटा को कैप्चर करने के लिए टर्मिनल बिंदु पर दो डाउनरेंज जहाजों को लगाया गया था। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन तैनात किए गए थे।

### राजनाथ सिंह ने दी बधाई

डीआरडीओ औरस्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड के वरिष्ठ अधिकारियों ने सफल उड़ान परीक्षण को देखा है। इस परीक्षण से सशस्त्र बलों की ताकत में और इजाफा हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को सफलता के लिए बधाई दी। वहीं, इससे पहले भी एक जून को भारत ने अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया था।इस टेस्ट के दौरान रणनीतिक हथियार के सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सत्यापित किया गया। रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी थी। मंत्रालय ने कहा कि सामरिक बल कमान (एसएफसी) ने ओडिशा में ए.पी.जे.अब्दुल कलाम द्वीप से मिसाइल का प्रक्षेपण किया।

## टिहरी में कार दुर्घटना में पांच लोग घायल

**नई टिहरी।** सुबह के वक्त थत्यूड़ थानाक्षेत्र के तहत बिलौंदी पुल के पास एक कार सड़क से नीचे खाई में गिरने के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पांच लोगों को चोटें आई हैं। गंभीर घायलों को हायर सेंटर देहरादून के लिए रैफर किया गया है। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मय फोर्स मौक पर पहुंची।

पुलिस की मीडीया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह के वक्त हुई दुर्घटना में कार सड़क से लगभग 30 से 35 मीटर नीचे खाई में गिरी है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया। जहां से घायलों को तत्काल सीएचसी थत्यूड़ में इलाज के लिए ले जाया गया। गंभीर घायलों को देहरादून के लिए रैफर किया गया है। दुर्घटना में शुभम (25) पुत्र प्रकाश चंद निवासी ग्राम मयाली जिला रुद्रप्रयाग व शिक्षा(18) पुत्री वाणी भूषण अवस्थी निवासी पुजार गांव जिला उत्तरकाशी घायल हुए हैं। जिनका इलाज सीएचसी थत्यूड़ में किया जा रहा है। जबकि गंभीर घायलों में चालक रोशन जगूड़ी (38) पुत्र कुला चंद निवासी ग्राम जगडगांव चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी, सुमन थपलियाल (35) पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम पोखरी चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी और अनीता देवी (50) पुत्र बुद्धि राम निवासी कंडीसौड थाना छाम जनपद टिहरी गढ़वाल को थत्यूड़ सीएचसी से हायर सेंटर देहरादून के लिए रैफर किया गया है।

## हाथ में कुदाल लेकर बाघ से भिड़ गया बुजुर्ग, बचाई जान

**◆प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में नहीं थम रहा बाघ का आतंक**
**◆लगातार बढ़ रही बाघ की धमक से ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी हुआ मुश्किल**

**कोटद्वार :** प्रखंड रिखणीखाल के अंतर्गत गाड़ियो पुल सहित भिन्न क्षेत्रों में बाघ का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा।

गुरुवार सुबह बाघ ने ग्रामसभा तोल्यूंडांडा के तोक ग्राम सिरोगाड में एक बुजुर्ग पर हमला कर दिया। बुजुर्ग ने अपने हाथ में पकड़े कुदाल से बाघ पर हमला कर स्वयं की रक्षा की। घायल बुजुर्ग को रिखणीखाल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए पहुंचाया। वहीं, गांव में लगातार बढ़ रही बाघ की धमक से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

रिखणीखाल के गाड़ियों पुल व इसके आसपास के क्षेत्र में पिछले कई माह से बाघ का आतंक छाया हुआ है। 15 अप्रैल को बाघ ने ग्राम डल्ला के लड्वासैण तोक में बुजुर्ग वीरेंद्र सिंह को अपना निवाला बनाया था। घटना के बाद क्षेत्र में वन विभाग की विभिन्न टीमें तैनात कर दी गई। 25 अप्रैल को वन विभाग ने एक बाघ को ट्रैक्यूलाइज भी किया था। इसके बाद भी क्षेत्र में बाघ घूमते हुए नजर आ रहे थे। बाघ की लगातार सक्रियता के चलते क्षेत्रीय लोग भी सहमे हुए हैं। गुरुवार सुबह गाड़ियो पुल से करीब एक किलोमीटर आगे ग्रामसभा तोल्यूंडांडा के तोक ग्राम सिरोगाड में बाघ ने बुजुर्ग मनवर सिंह 65 पर हमला कर दिया। बुजुर्ग पर बाघ ने उस वक्त हमला किया जब वह गांव के समीप अपने खेत में काम कर रहे थे। बाघ के इस तरह से हमले के बाद भी मनवर सिंह ने हिम्मत नहीं हारी और हाथ में पकड़ी कुदाल से बाघ पर वार कर दिया। बाघ व मनवर सिंह के बीच करीब तीन मिनट तक गुत्थमगुत्था हुई। जिसके बाद बाघ जंगल की ओर लौट गया।

बाघ ने मनवर सिंह के पैर पर दांत मार दिए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल मनवर सिंह को लेकर राजकीय चिकित्सालय रिखणीखाल पहुंचे। चिकित्सालय के चिकित्सकों ने मनवर सिंह की स्थिति को सामान्य बताया है।

प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि गांव में वन विभाग की गश्त बढ़ा दी गई है। दोबारा इस तरह की घटना न हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।



बाघ के हमले में घायल हुए बुजुर्ग मनवर सिंह

### घर में कैद हुए ग्रामीण

रिखणीखाल प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामसभाओं में लगातार हो रही बाघ के हमलों की घटनाओं से ग्रामीणों में खौफ बना हुआ है। ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक खतरा बच्चे व बुजुर्गों को बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर समस्या को लेकर लापरवाही बतरने का आरोप लगाया है। कहा कि वन विभाग को जल्द से जल्द ग्रामीणों को बाघ के आतंक से निजात दिलाना चाहिए।

## एसबीआई ने आपदा राहत कोष में दो करोड़ की आर्थिक सहायता दी

**देहरादून :** जोशीमठ में भू-धंसाव वाले क्षेत्र से विस्थापित लोगों के राहत और पुनर्वास के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उत्तराखण्ड राज्य आपदा राहत कोष में 02 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।



गुरूवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक कल्पेश कृ. अवासिया ने भेंट कर 02 करोड़ रूपये का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों की सहायता के लिए इस सहयोग राशि के लिए भारतीय स्टेट बैंक का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के चिन्हित चार वाइब्रेंट विलेज माणा, नीति, मलारी एवं गूंजी में अवस्थापना विकास से संबंधित अनेक कार्य किये जाने हैं, इसके लिए भी उन्होंने एसबीआई से सहयोग की अपेक्षा की। भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली मण्डल के मुख्य महाप्रबंधक कल्पेश कृ. अवासिया ने कहा कि एसबीआई सामाजिक जिम्मेदारियों के अन्तर्गत समाज में जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के लिए समय-समय पर समाज के विभिन्न स्तरों पर आर्थिक सहयोग प्रदान करता रहता है। भविष्य में भी राज्य की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में योगदान देता रहेगा। इस अवसर पर एसबीआई के उत्तराखण्ड अंचल के उप महाप्रबंधक राजकुमार सिंह एवं अमरेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## यात्रा के दौरान चोराबाड़ी ताल के ऊपर हुआ हिमस्खलन

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में गुरुवार को मंदिर के ऊपर चोराबाड़ी ताल की तरफ हिमस्खलन हो गया। घटना सुबह करीब सवा सात बजे की है। हिमस्खलन से करीब चार से पांच मिनट तक बर्फ का धुंआ उठता रहा। इस दौरान श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर रहे थे। बर्फ का धुंआ उठता देख वहां अफरा-तफरी मच गई।जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यह घटना केदारनाथ से चार किमी दूर हुई है। हिमालय में होने वाली यह सामान्य घटना है। हिमस्खलन से कोई नुकसान नहीं हुआ।



# मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान को सफल आयोजन के दिये निर्देश



देहरादून। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने रेखीय विभाग के अधिकारियों के साथ दिनांक 18 जून को जनपद में वृहद स्तर पर चार घण्टे की स्वच्छता अभियान को सफल आयोजन हेतु समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश व नगर पालिका परिषद डोईवाला, विकास नगर, मसूरी एवं नगर पंचायत हर्बटपुर, सेलाकुई एवं समस्त ब्लाक के मिशन प्रबंधक एनआरएलएम व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 2 दिन के भीतर सफाई अभियान हेतु अपने अपने क्षेत्र के कार्य स्थल निर्धारित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिया विजेता स्कूली बच्चों एवं पर्यावरण मित्र को पुरस्कृत किया जायेगा। स्वच्छता अभियान से पहले एवं बाद में सफाई स्थल की फोटो एवं वीडियोंग्राफी की जायेगी। अभियान से पूर्व सभी एक साथ स्वच्छता की शपथ लेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कमठान ने स्वच्छता अभियान को लेकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गये निर्देशों को अक्षरशः पालन करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 18 जून 2023 को प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक चार घण्टे की स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिकारी, कर्मचारी एवं सभी प्रतिभागी आपस में समन्वय से कार्य करेंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को स्वच्छता अभियान हेतु कार्यस्थलों को निर्धारित कर दो दिन के भीतर सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि प्रत्येक कार्य स्थल पर स्वच्छता शपथ लेने के साथ सभी श्रमदान करेंगे। उन्होंने स्वच्छता अभियान को लेकर नगर निगम तथा नगर पालिका, नगर पंचाय स्तर पर कूड़ा निस्तारण हेतु स्थल निश्चित करने के साथ ही टीमों का गठन करने के निर्देश दिए। उन्होने इस कार्य में समस्त एन.जी.ओ, स्कूली बच्चों, विभिन्न संगठनों को स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग कराने को कहा। साथ ही रेखीय विभाग को निर्देशित किया कि कार्यस्थल पर झाड़ू ,दस्तानें सहित आवश्यक सामाग्री की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने जनपद के सभी अधिकारियों को अपने–अपने कार्यालयों में भी सफाई कराने तथा ऑफिस के सफाई कर्मचारी को सम्मानित करवाने को कहा गया।

## मलिन बस्तियों को मालिकाना हक दे सरकार : राजकुमार

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व विधायक राजकुमार ने मलिन बस्तियों का हाउस टैक्स माफ करने के फैसले को स्वागत योग्य बताया। उन्होंने शहरी विकास सचिव को पत्र लिखकर मलिन बस्ती के लोगों को मालिकाना हक देने की मांग उठाई है।

पूर्व विधायक ने कहा कि नगर निगम की ओर से 40 हजार से ज्यादा घर मलिन बस्तियों में है और उनका पांच साल का हाउस टैक्स माफ कर दिया गया है, जो स्वागत योग्य कदम है, लेकिन अब इन बस्तियों को मालिकाना हक दिए जाने के लिए कांग्रेस सरकार की भांति कार्यवाही करनी होगी। कहा कि मालिकाना हक देने का काम कांग्रेस सरकार में शुरू किया गया था और इसी के साथ शासन ने जो नीति बनाई थी, उसी के अनुसार सभी मलिन बस्तीवासियों को मालिकाना हक देना शुरू किया।

# बृजवासी फेयर प्राइज शॉप डीजर्स फैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने

देहरादून। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में रेवाधर बृजवासी को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान राशन विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं पर मंथन भी हुआ।देहरादून में गुरुवार को जीएमएस रोड स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित बैठक का फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव बिसंबर बासु और कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमकार नाथ झा ने शुभारंभ किया। इस दौरान सभी जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति पर बृजवासी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। वहीं संजय शर्मा और राजेंद्र बांगा को प्रदेश का महामंत्री, राममूर्ति गुप्ता को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष झा ने राष्ट्रीय स्तर पर विक्रेताओं के हितों के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय महासचिव बासु ने बताया कि जल्द खाद्य मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय खाद्य सचिव के साथ कई विषयों पर चर्चा होगी। 2024 के चुनाव से पहले विक्रेताओं का मानदेय घोषित कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बृजवासी ने कहा कि वो सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के मानदेय और लंबित बिलों के भुगतान की समस्या के लिए सरकार और विभाग बातचीत करेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश चौहान, नरेंद्र शर्मा, दिनेश कश्यप, शंकर सिंह रावत, उमेद सिंह, दिनेश जोशी, हरीश पंत, राजेंद्र बांगा, धर्मानंद बिजल्वाण, मनोज सुयाल, कुंदन शर्मा, मकान सिंह भंडारी आदि मौजूद थे।

# मंत्री जोशी ने मसूरी विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को नवाजा



देहरादून। मसूरी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को सम्मानित किया। पार्टी की ओर से चल रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में इन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री गणेश जोशी ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कहा कि इनका लाभ हरेक व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान हर महीने उनके मंत्री जेल जाते थे किंतु मोदी सरकार के किसी भी मंत्री पर आज तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप तक नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि अगले लोकसभा चुनावों के लिए अभी से जुट जाएं। आप सभी क्षेत्र में पार्टी का चेहरा हैं और जनता सीधे भाजपा के कार्यकर्ताओं से जुड़ी हुई है। वह कार्यकर्ताओं की भूमिका पर बोलते हुए भावुक होते हुए कहा कि मैं अपका कर्ज कभी नहीं उतार पाऊंगा।

प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के सपनों को पूरा करने के लिए हजारों–लाखों की धनराशि की योजनाएं दी हैं। कहा कि पीएम मोदी के परिश्रम के चलते ही हम आज इस सकारात्मक स्थिति में कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता आरएस परिहार, चमन लाल, विजय स्नेही, मदनमोहन शर्मा, सरिता गौड़ सहित कई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

## गोल्ड कप में कोलकाता और केरल सेमीफाइनल में पहुंचे

देहरादून । ऑल इंडिया उत्तराखंड गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट में तन्मय अग्रवाल और प्रमोद की शतकीय पारी के दम पर ए एंड एस सीए कोलकाता सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं केरल ने गेंदबाजों की बदौलत सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में गुरुवार को रण स्टार दिल्ली और सीए कोलकाता के बीच क्वार्टर फाइनल का मुकाबला हुआ। कोलकाता ने पहले खेलते हुए 49.4 ओवर में 339 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ओपनर तन्मय ने 10 चौके और एक छक्के की मदद से 102 रन बनाए। वहीं प्रमोद ने 105 गेंदों में 144 रन की आतिशी पारी खेली। उन्होंने 15 चौके और छह छक्के जड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रण स्टार की टीम 23.5 ओवर में 144 रन पर ही ऑल आउट हो गई। कोलकाता ने 195 रनों से जीत हासिल की। कसीगा स्कूल के ग्राउंड पर दूसरा मैच केरल क्रिकेट एसोसिएशन और दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के बीच हुआ। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में सभी विकेट खोकर 248 रन का लक्ष्य दिया। इसमें सलमान ने सर्वाधिक 69 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम केरल की घातक गेंदबाजी के सामने पस्त हो गई और 31.1 ओवर में 118 रन ही बना पाई। केरल के लिए अब्दुल ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

## छात्र- छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ : सुनील

देहरादून। ऑल इंडिया अन एडिड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से कराई जा रही कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा (ूॅ४ी३) में छात्रों छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ क्या जा रहा है। उन्होंने कहा कि कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के लिए बीएड के परीक्षार्थियों के परीक्षा केंद्र 300 किलोमीटर दूर तक रखे गए हैं, जबकि छात्रों द्वारा परीक्षा केंद्र की चॉइस अपने शहर में दी गई थी।

उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी के कई छात्र–छात्राओं के परीक्षा केंद्र मेरठ और मुजफ्फरनगर में रखे गए हैं। जो उत्तरकाशी से 300 किलोमीटर दूर है। इसी तरह की सूचनाएं हैं कि श्रीनगर के अधिकांश छात्रों की परीक्षा केंद्र मेरठ और बरेली रखा गया है। ऐसी सूचना भी प्राप्त हुई है कि देहरादून के छात्र का परीक्षा केंद्र आगरा रखा गया है। जिसके कारण अधिकांश छात्र प्रवेश परीक्षा देने से वंचित रह गए हैं।

इसी तरह की सूचनाएं अन्य पर्वतीय क्षेत्रों से भी प्राप्त हो रही हैं। अधिकांश छात्रों के परीक्षा केंद्र मेरठ, बरेली, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद रखे गए हैं। यह सर्वविदित है पर्वतीय क्षेत्र में बीएड कोर्स में 80 फीसद महिलाएं होती हैं। उनका प्रवेश परीक्षा केंद्र अपने शहर से काफी दूर रखना उन्हें प्रवेश परीक्षा से वंचित रखना है।

डॉ सुनील अग्रवाल ने कहा कि यह सर्वविदित है की हेमवती नंदन गढ़वाल विश्वविद्यालय में एडमिशनु.ीप्रवेशू४ी३ की परीक्षा देने वाले छात्रों के ही होने हैं। गत सत्र मेंू४ी३ की प्रवेश परीक्षा के समुचित संख्या में छात्र उपलब्ध ना होने के कारण कॉलेजों में 50 फीसद सीटें खाली रह गई थी। विश्वविद्यालय से खाली सीटों परु.ीके लिए अहर्ता प्राप्त अन्य छात्रों की प्रवेश की गुजारिश के बावजूद विश्वविद्यालय ने बिनाू४ी३ के प्रवेश की अनुमति नहीं दी थी। ऐसे में कॉलेजों में सीटें खाली रह गई थी और छात्र प्रवेश से वंचित रह गए थे। उन्होंने कहा कि इस सत्र में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा परीक्षा केंद्र दूर रखने से अधिकांश छात्र प्रवेश परीक्षा से वंचित रह गए हैं।

### एक नजर

## रेल हादसे से पीड़ित बच्चों को ग्राफिक एरा निशुल्क शिक्षा देगा

देहरादून। बालासोर रेल हादसे के पीड़ित परिवारों की मदद के लिए ग्राफिक एरा सामने आया है। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने पीड़ित परिवारों के बच्चों को इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, बीकॉम, एग्रीकल्चर समेत सभी पाठ्यक्रमों में निशुल्क शिक्षा देने की घोषणा की है।

ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश बालासोर हादसे के पीड़ित परिवारों के साथ है। इस हादसे में बहुत से परिवारों के कमाने वाले सदस्यों की मृत्यु हो गई। ग्राफिक एरा अपने सामाजिक सरोकारों के चलते ऐसे परिवारों के बच्चों के भविष्य के प्रति चिंतित है। निशुल्क प्रोफेशनल एजुकेशन देकर इन बच्चों को सहारा दिया जा सकता है। उनका भविष्य संवारने के लिए ग्राफिक एरा अपनी ओर से हर संभव प्रयास करेगा।डा. घनशाला ने कहा कि ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी देहरादून और ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के देहरादून, भीमताल और हल्द्वानी परिसरों में से कहीं भी पीड़ित परिवारों के बच्चे अपनी योग्यता के अनुसार प्रवेश ले सकते हैं। उन्हें सीधे प्रवेश दिया जाएगा और पूरा कोर्स उनके लिए निशुल्क होगा।

## सांप्रदायिक तनाव रोकने के लिए ठोस कदम उठाए सरकार

देहरादून। सीपीएम के महानगर सचिव अनंत आकाश ने सरकार से मांग की है कि पहाड़ में बढ़ रहे सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाए। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई है।

कहा कि पुरोला में लव जेहाद के मामले ने तूल पकड़ रखा है, इसको हवा देकर कुछ सांप्रदायिक तत्व पहाड़ को झुलसाने की फिराक में हैं। तनाव के चलते आज पहाड़ से अल्पसंख्यक परिवार पलायन के लिऐ विवश हैं या फिर वहां रहकर भारी दबाव झेल रहे हैं। कहा कि संविधान के अनुच्छेद–21 हमें आजीविका का अधिकार देता है,

# पांच साल का हाउस टैक्स माफ करके बस्तियों में टैक्स लगाने के फैसले का किया स्वागत

देहरादून। नगर निगम एक बार फिर से मलिन बस्तियों में हाउस टैक्स की वसूली करने जा रहा है। इस संबंध में कसरत शुरू हो गई है। कांग्रेस इस मांग को कई साल से उठा रही थी। साथ ही अब मलिन बस्तियों में टैक्स के राहत देने की मांग भी की जा रही थी। अब खबर ये है कि मलिन बस्तियों में देहरादून नगर निगम जून माह से हाउस टैक्स लेगा। साथ ही पिछले पांच साल का बकाया माफ कर दिया जाएगा। देहरादून में कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने देहरादून महानगर में पांच साल का हाउस टैक्स माफ करके बस्तियों में टैक्स लगाने के फैसले का स्वागत किया है। इस संबंध में उन्होंने नगर निगम देहरादून के मेयर सुनील उनियाल गामा एवं मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम देहरादून का आभार व्यक्त किया है।लालचन्द शर्मा ने कहा कि शहर में 40 हजार से ज्यादा घर मलिन बस्तियों में हैं। वर्ष 2018 में नगर निगम की ओर से मलिन बस्तियों में भवन कर लगाया था। उसी दौरान हाईकोर्ट के आदेश के तहत शहर में चले अतिक्रमण अभियान के चलते बस्तियों में हाउस टैक्स लगाने की प्रक्रिया रोक दी गयी थी। ऐसे में कांग्रेस की ओर से लगातार बस्तियों में हाउस टैक्स लगाने की मांग की जा रही थी। इस बाबत कई बार नगर में ज्ञापन दिए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस लगातार बस्तियों में हाउस टैक्स का मसला उठाती रही है। अब बस्तियों में हाउस टैक्स लगने के चलते बस्ती के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। कांग्रेस की मांग है कि बस्तियों को मालिकाना हक दिया जाए। साथ ही बस्ती में बने घरों का हाउस टैक्स लगाने पर रसीद में ये लिख दिया जाए कि आप नगर निगम के कागजों में हो, तथा आपका मकान नगर निगम के रिकॉर्ड में है। लालचन्द शर्मा ने नगर निगम प्रशासन से अन्य जनहित की मांगों पर भी शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने मलिन बस्तियों को मिली इस राहत को कांग्रेस के संघर्ष का परिणाम बताया। मेयर से मुलाकात के दौरान नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नीनू सहगल, सचिव प्रवीण त्यागी, प्रवक्ता दीप वोहरा, सचिव सोम वाल्मीकि, पार्षद अर्जुन सोनकर, पूर्व पार्षद विजय प्रताप मल्ला, पार्षद मामचंद, पार्षद निखिल कुमार, सुनील कुमार बांगा, अमरजीत सिंह, मनोज तालिया, राजेश मित्तल, पार्षद अमित भंडारी, राहुल शर्मा आदि मौजूद थे।

## मलिन बस्तियों का हाउस टैक्स माफ करने पर जताया आभार

देहरादून। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर निगम पहुंचकर मेयर सुनील उनियाल से मुलाकात की। उन्होंने मलिन बस्तियों का हाउस टैक्स माफ करने पर मेयर का आभार जताया। भाजपा प्रदेश भाजयुमो राजेश रावत ने कहा कि नगर निगम ने जन भावनाओं के अनुरूप शहर की 129 मालिन बस्तियों के लगभग 40 हजार भवनों को हाउस टैक्स में छूट प्रदान कर बड़ी राहत दी है, इससे मलिन बस्ती में रहने वाले हजारों गरीब लोगों को पिछले पांच साल का टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

## आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी, दून क्रिक हब की शानदार जीत

देहरादून। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित अंडर–19 क्रिकेट लीग में आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी और दून क्रिक हब ने शानदार जीत दर्ज की।देहरादून में गुरुवार को पहला मैच आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी और हिमालयन क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी निर्धारित 40 ओवरों में 231 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें तुषार ने नाबाद 66 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमालयन क्रिकेट एकेडमी 30.4 ओवर में 155 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आरआर पाल क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में फरहान ने चार विकेट और सुमित रावत तीन विकेट लिए।

# भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से दक्षिण भारत घूमकर आइए




देहरादून। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने योगनगरी ऋषिकेश से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन के माध्यम से दक्षिण भारत का टूर पैकेज लांच किया है। इस पैकेज के तहत यात्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी मंदिर, रामनाथ स्वामी मंदिर रामेश्वरम, मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी दर्शन कर सकेंगे।

आईआरटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यह पैकेज 10 जुलाई से 20 जुलाई तक दस रात और 11 दिन के लिए है। इसमें सेकेंड एसी, थर्ड एसी और स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता, दोपहर और रात्रि का शाकाहारी भोजन के साथ ही एसी और नॉन एसी बसों से स्थानीय भ्रमण शामिल है। स्लीपर क्लास में तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज 20870 प्रति व्यक्ति है। थर्ड एसी में 35072 और सेकेंड ऐसी में 46557 रुपये है। पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। आईआरसीटीसी की बेवसाइट से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। जानकारी के लिए 9953537153, 8595924296, 8287930906, 8287930913 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## टिहरी के सॉफ्टबाल खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल की सॉफ्टबाल खेल के बालक एवं बालिकाओं ने उत्तराखंड राज्य की टीम से प्रतिभाग कर राष्ट्रीय स्तर की सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीते हैं।

यह जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव पोरी ने बताया कि बीती 2 से 5 जून तक भोपाल में आयोजित जूनियर नेशनल साफ्टबॉल प्रतियोगिता में जनपद टिहरी गढ़वाल के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड की राज्य टीम से प्रतिभाग कर उत्तराखंड राज्य के लिए पुरुष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में फाइनल में राजस्थान को पराजित कर स्वर्ण पदक अर्जित किया है। स्वर्ण पदक अर्जित करने वाले जनपद टिहरी गढ़वाल के सॉफ्टबाल खेल के बालक रघुनाथ दास, चंदन, तुषार पाल, प्रिंस पाल, दीपांशु, दक्ष काला, सोनू, कृष्णा, अभिषेक, शिवम, आदित्य, सौरभ व विशु ने प्रतिभाग किया। जबकि बालिका खिलाड़ी ने प्रतिभाग कर फाइनल में पंजाब को पराजित कर स्वर्ण पदक अर्जित किया है। जिनमें निशा, प्रीति, मुस्कान, नेहा, हिमानी, नैना, अनामिका, मुस्कान व निधि ने प्रतिभाग किया है। बताया कि सॉफ्टबाल प्रशिक्षक सुनील भारद्वाज ने इन सभी बालक बालिकाओं को श्री पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम मुनिकीरेती में सॉफ्टबाल का प्रशिक्षण दिया है।

## गौमाता और संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति के प्राण : महाराज

नई टिहरी : श्री कमलनयन प्राच्यविद्या संस्थान का मड़बागी सौड़ सेम मुखेम में सात दिवसीय ज्ञान विज्ञान संवर्धन संस्कृत शिविर में गोपालमणि महाराज की उपस्थिति में छात्रों को योग, आयुर्वेद, संस्कृत संभाषण, वैदिक गणित, संगीत शिक्षा की जानकारी दी गई।

श्री कमलनयन प्राच्यविद्या संस्थान की ओर से मड़बागी सौड़ में आयोजित ज्ञान विज्ञान संवर्धन संस्कृत शिविर पहुंचे गोपाल मणि महाराज ने शिविरार्थियों को सनातन संस्कृति पर आधारित संस्कृत संभाषण के बारे में बताते हुये अपनी संस्कृति और ज्ञान को आगे बढ़ाने को कहा।

## प्लास्टिक वेस्ट मेटिरियल से पैराफिट एवं क्रैश बैरियर बनाकर परीक्षण करें



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सुरक्षित यातायात एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करते हुए लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट मेटिरियल से कम लागत में पैराफीट एवं क्रैश बैरियर बनाए जा सकते है। सुरक्षा मानको को ध्यान में रखते हुए इसका भी परीक्षण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम, पुलिस एवं परिवहन विभाग अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चत करें। ओवर स्पीड, ड्रंक एंड ड्राइव तथा ओवरलोडिंग के खिलाफ चालान किए जाए। रोड़ सेफ्टी के अन्तर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का सुधारीकरण, क्रैश बैरियर, पैराफीट व साइनेज लगाने हेतु जिला स्तरीय कमेटी से आंगणन पास कराते हुए पुनः शासन को प्रेषित करें। एसडीएम, सीओ एवं एआरटीओ संयुक्त निरीक्षण करते हुए सड़क सुधारीकरण कार्यों का भौतिक सत्यापन भी करें। बैठक में बताया गया कि विगत मई महीने में विरही-निजमुला मोटर मार्ग पर एक वाहन दुर्घटना हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु और दो लोग घायल हुए थे।

# प्रभावी यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस का सहयोग करें



रुद्रप्रयाग : वर्तमान समय में प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा अवधि में अत्यधिक वाहनों का आवागमन हो रहा है। जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस की सभी से अपील है कि जनपद में आ रहे श्रद्धालुओं एवं स्वयं के लिए प्रभावी यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस का सहयोग प्रदान करें।

जनपद रुद्रप्रयाग में प्रचलित श्री केदारनाथ धाम यात्रा अवधि में सोनप्रयाग व सीतापुर स्थित पार्किंगें वर्तमान समय में प्रतिदिवस वाहनों से भर जा रही हैं। इन पार्किंगों में वाहन न्यूनतम 3 दिन के लिए पार्क रहता है। जैसे कि यात्री वाहन यहाँ पहुंचा, उस दिन यात्री सोनप्रयाग या गौरीकुण्ड में ही रात्रि प्रवास करेंगे, अगले दिवस केदारनाथ पैदल या पालकी या घोड़े खच्चर के सहारे पहुंचेंगे। फिर तीसरे दिन वापस आयेंगे और अपने गन्तव्य को प्रस्थान करेंगे। यह चक्रीय क्रम प्रतिदिवस चलता रहता है। वर्तमान समय के अनुसार मल्टीपर्पज पार्किंग सोनप्रयाग की क्षमता लगभग 300 बड़े व छोटे वाहनों की तथा लगभग 150 दुपहिया वाहनों की है। सोनप्रयाग स्थित पार्किंग की क्षमता लगभग 200 व सीतापुर पार्किंग की क्षमता लगभग 300 वाहनों की है। ऐसे में सोनप्रयाग व सीतापुर में वाहनों का दबाव बढ़ने पर पुलिस के स्तर से वाहनों को नियंत्रित ढंग से आगे भेजा जा रहा है। परन्तु विगत दिनों से देखा जा रहा था कि वाहनों के एक्जिट में दिक्कतें आ रही थी, इसका मुख्य कारण यह था कि सीतापुर व आसपास के क्षेत्रों में होटलों के बाहर दोनों तरफ वाहनों को अनियंत्रित ढंग से खड़ा किया जा रहा था, जिससे कि यातायात बाधित हो रहा था। इन वाहनों को हटवाये जाने हेतु पुलिस उपाधीक्षक यातायात रुद्रप्रयाग श्रीमती हर्षवर्द्धनी सुमन के नेतृत्व में यातायात पुलिस रूद्रप्रयाग द्वारा 02 दिवसीय अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत इन अनधिकृत तरीके से खड़े चौपहिया व दुपहिया वाहनों को न केवल इन स्थानों से हटवाया गया बल्कि यातायात नियमों के उल्लंघन में चालानी कार्यवाही भी की गयी है। इस कार्य को किये जाने में स्थानीय स्तर पर सीतापुर होटल एसोशिएशन के अध्यक्ष सहित अन्य स्थानीय लोगों का भी सहोगात्मक योगदान रहा है। (एजेंसी)

# पार्किंग शुल्क का किया विरोध, पार्षदों ने फूंका पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों से पार्किंग शुल्क वसूलने का भाजपा पार्षदों ने विरोध किया है। आक्रोशित पार्षदों ने महापौर व नगर आयुक्त का पुतला दहन करते हुए योजना को वापस लेने की मांग की है। कहा कि शहरवासियों का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गुरुवार को पार्षदों ने नगर निगम परिसर में पुतला दहन किया। कहा कि नगर निगम की ओर से देवी रोड़ स्थित स्टेट बैंक के समीप खड़े वाहनों से पार्किंग शुल्क लेना आरंभ कर दिया गया है। साथ ही तहसील परिसर से राजकीय बेस चिकित्सालय तक सड़क के किनारे पार्किंग होने वाले वाहनों से भी पार्किंग शुल्क लेने की योजना बनाई जा रही है, जिसका वे विरोध करते हैं। कहा कि गठन के साढ़े चार साल बीतने के बाद भी नगर निगम स्थानीय लोगों को सुविधाएं देने में असफल रहा है। शहर की कई समस्याओं का अभी तक निस्तारण नहीं हो पाया है। निगम में भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसलिए पार्किंग शुल्क के नाम पर आम जनता का शोषण बंद किया जाना चाहिए। इसके बाद पार्षदों ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में पार्षद नीरूबाला खंतवाल, सौरभ नौडियाल, हरि सिंह पुंडीर, अंकित काला, आशीष रौतेला, मनोज शाह, प्रवेश गौड़ और उम्मेद सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



कोटद्वार नगर निगम परिसर में महापौर व नगर आयुक्त का पुतला दहन करते भाजपा पार्षद

## व्यवसाय प्रशिक्षण 1 जुलाई से

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** सेवायोजन विभाग उत्तराखंड के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र गोविंद नगर में आरक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारपरख प्रशिक्षण के अंतर्गत छह मासीय टंकण व लिपिकीय व्यवसाय प्रशिक्षण 1 जुलाई से आरंभ होगा। प्रशिक्षण में टंकण प्रशिक्षण के साथ कंप्यूटर प्रशिक्षण, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी व सामान्य ज्ञान निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रदान किया जायेगा।

प्रशिक्षण के लिए योग्यता इंटरमीडिएट अथवा उसके समकक्ष रखी गई है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 जून और साक्षात्कार की तिथि 30 जून रखी गई है। आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। यह जानकारी केंद्र के प्रभारी अधिकारी उत्तम कुमार ने दी।

## रेल हादसे पर जताया शोक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने उड़ीसा रेल हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही घायल लोगों के शीघ्र ठीक होने की कामना की है।

जौनपुर स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि इस हादसे ने देश को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे हादसों से भविष्य में सीख लेने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटना फिर न हो। मौके पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में जीके बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, सुरेश रावत, विनोद ध्यानी और श्रीकांत नौगाई सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## हर रोज सूर्योदय से पूर्व उठकर करें योगाभ्यास



कोटद्वार में आयोजित योग कक्षा में योगाभ्यास करते क्षेत्रवासी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि परिवार की ओर से न्यू एरा पब्लिक स्कूल लालपानी व भाबर के हल्दूखाता स्थित एक बारातघर में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आरंभ हो गया है। शिविर में लोगों को विभिन्न प्रकार के योग व ध्यान कराये गये। इस दौरान योग शिक्षकों ने लोगों से हर रोज सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करने की अपील की।

न्यू एरा पब्लिक स्कूल बिशनपुर में आयोजित शिविर का आरंभ न्यास के जिला प्रभारी दिनेश जुयाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के प्रथम दिन गुरूवार को योग शिक्षिका आशा रावत, उषा असवाल और जय प्रकाश रावत द्वारा साधकों को योग आभास करवाया गया। भाबर क्षेत्र के हल्दूखाता में एक बारातघर के सभागार में आयोजित शिविर का आरंभ योग शिक्षिका इंदु नौटियाल ने किया। योग शिक्षकों ने कहा कि योग के माध्यम से हम स्वस्थ शरीर प्राप्त कर सकते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों को भी योग के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस दौरान सभी साधकों को प्राणायाम और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पिंकी पोखरियाल, रजनी, ममता, अनीता, चंद्रमणि देवरानी व रोशनी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने की मां काली की पूजा



पूजा- अनुष्ठान कार्यक्रम में भाग लेते ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा।

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने ग्राम कोठार में ईष्ट देवी मां काली यज्ञ अनुष्ठान में भाग लिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने मां काली से समाज के लिए सुख-शांति की कामना की।

प्रमुख महेन्द्र सिंह राणा ने रावत बंधुओं की ओर से आयोजित ईष्ट देवी मां काली यज्ञ अनुष्ठान में प्रतिभाग किया। प्रमुख द्वारा मां काली यज्ञ अनुष्ठान में रावत बन्धुओं के साथ पूजा अर्चना की तथा सभी के लिए सुख-शान्ति एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। ग्रामवासियों से वार्ता के दौरान प्रमुख ने कहा कि अपने देवी-देवताओं का पूजन करना बड़े सौभाग्य की बात है। जब कोरोना बीमारी आई थी तो हम सब भयभीत हो गये थे। सबका मिलना जुलना बन्द हो गया था, लेकिन आज देवी मां की कृपा से प्रत्येक गांव में रौनक व खुशहाली है। हमें अपने देवी-देवताओं का नित स्मरण करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान कोठार आशा रावत, महेन्द्र सिंह, बलवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह रावत, रघुवीर सिंह, टेक सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेन्द्र सिंह, संजीव जुयाल, राजेश बिष्ट, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिंह नेगी, छत्रपाल सिंह, हरेन्द्र सिंह रावत, पुष्पा देवी द्वारीखाल, सीमा देवी प्रधान उतिण्डा, नीरज सिंह, जयवीर सिंह, चन्दन सिंह रावत, विकासखण्ड के अधिकारी/कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# गडोली क्षेत्र में 10 जून तक बंद रहेगें स्कूल




जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** बीते मंगलवार को तमलाग और गडोली में गुलदार के हमले के बाद इन क्षेत्रों में दहशत बनी हुई है। जिलाधिकारी ने गड़ोली क्षेत्र में 10 जून तक स्कूलों को बंद करने के आदेश दिए हैं। इन क्षेत्रों में पिंजरा लगाने के साथ ही वन विभाग की टीमें गश्त कर रही हैं। विभाग ने गडोली में ट्रैपिंग कैमरे लगा दिए है।

बता दें कि विगत मंगलवार को पौड़ी के वार्ड संख्या 11 के गडोली और ल्वाली क्षेत्र के तमलाग में गुलदार ने दो लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद गुलदार के हमले में घायल गडोली निवासी 10 साल की आरुषी के परिजन समेत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी ने वन विभाग को इन क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने एसडीएम पौड़ी और खंड शिक्षाधिकारी पौड़ी के अनुरोध पर एमई गिल गडोली जूनियर हाईस्कूल गडोली और उसके आसपास क्षेत्र में पड़ने वाले शासकीय, गैर अशासकीय, आंगनबाड़ी केंद्रों में शनिवार तक अवकाश घोषित कर दिया है।

गुरुवार को गढ़वाल वनप्रभाग की एसडीओ लक्की शाह ने गडोली में घायल बालिका का हालचाल जाना।

# कांवण यात्रा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करें : डीएम



बैठक को संबोधित करते हुए यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट।

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** आगामी 4 जुलाई को शुरू होने जा रही कांवड़ मेला यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान व स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट ने नीलकंड महादेव मंदिर परिसर में मंदिर समिति, व्यापार मंडल, पुलिस व राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कांवड यात्रा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एसडीएम को अगले एक हफ्ते नीलकंठ में रुक कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा। नीलकंठ के यात्रा रास्तों पर जल संस्थान द्वारा 18 स्टैंड पोस्ट विगत वर्ष में लगाए गए हैं, जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारी को स्टैंट पोस्ट बढ़ाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कांवड यात्रा के दौरान कंट्रोल रूम स्थापित करने, संचार व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था, पार्किंग स्थल से मंदिर परिसर तक बैरिकेडिंग व्यवस्था करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने गरुड़ चट्टी से बड़ी बसों को रोकने के लिए परिवहन विभाग को पत्र लिखे जाने, निजी व सरकारी पार्किंग को चिह्नित करते हुए उसके उपयोग की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने क्राउड मैनेजमेंट के दृष्टिगत डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दिए जाने, नीलकंठ की पैदल यात्रा मार्ग पर विद्युत व्यवस्था करने के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को कहा, जबकि उसकी सुरक्षा हेतु वन विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फायर, पुलिस, एंबुलेंस, ऑक्सीजन की व्यवस्था निर्धारित स्थलों पर किये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर राजाजी टाइगर रिजर्व कहकशा नशीम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, उपजिलाधिकारी आकाश जोशी, सीओ पुलिस श्याम दत्त नौटियाल, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, अधिशासी अभियंता जल संस्थान कोटद्वार संतोष उपाध्याय, नीलकंठ मंदिर के व्यवस्थापक मंहत सुभाष पूरी, नीलकंठ व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजेश चौहान, ग्रमा प्रधान तोली राजकुमारी देवी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही कई योजनाएं

**श्रीनगर गढ़वाल :** मोदी सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने पर महिला मोर्चा के द्वारा गुरुवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भाजपा महिला मोर्चा की ओर से केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं के रोजगार के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मीना गैरोला के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चे की जिला अध्यक्ष नगमा तौफीक, जिला सह मीडिया प्रभारी अंजना डोभाल, मंडल मंत्री शांति भट्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## रोटरी क्लब ने अस्पताल परिसर में लगाई बेंच

**श्रीनगर गढ़वाल :** रोटरी क्लब श्रीनगर द्वारा बेस चिकित्सालय परिसर में लोगों को बैठने के लिए चार बेंच लगाई गई। इस मौके पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर क्लब द्वारा लगातार बेंच लगाने का काम किया जा रहा है। ताकि लोगों को बैठने की दिक्कतें ना हो। कहा कि सर्दियों एवं गर्मियों में अस्पताल परिसर के बाहर बैठने के लिए बेंच लगने से लोगों को सुविधा मिलेगी। अस्पताल के एमएस डॉ. रविन्द्र बिष्ट ने परिसर में बेंच लगाने पर क्लब के सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष खिलेन्द्र चौधरी, सचिव दिनेश प्रसाद जोशी, कोषाध्यक्ष अनिल ढौड़ियाल, पूर्व अध्यक्ष नरेश नौटियाल, एसपी घिल्डियाल, बृजेश भट्ट, अनूप घिल्डियाल, एसएम नौटियाल, ओपी गोदियाल, सुखविंदर सिंह, उषा चौधरी, दिनेश चौहान, अनिल उनियाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# विधायक ने किया रिसकोटी-अमोली मोटरमार्ग का भूमि पूजन

**श्रीनगर गढ़वाल :** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत जुकणियों-अरखुण्ड से रिसकोटी-अमोली मोटर मार्ग का गुरुवार को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने भूमि पूजन किया। उन्होंने 2 करोड़ 2 लाख 80 हजार की लागत से बनने वाले इस मोटर मार्ग का निर्माण कार्य तय समय में पूरा किये जाने के निर्देश दिए।

विधायक कंडारी ने बताया कि नबार्ड वित्त पोषित योजना के तहत मलेथा-जाखधार मोटरमार्ग के किमी. 27 जुकणियों-अरखुण्ड से रिस्कोटी-अमोली मोटर मार्ग का ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। अब जल्द ही गांव के लोगों को वाहन सुविधा का लाभ मिलेगा। सड़क बनने से जहां लोगों को आवाजाही में सुविधा होगी, वहीं गांव में रोजगार के मौके भी बनेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्माणदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग अस्थाई प्रखंड घनसाली से जल्द मोटरमार्ग का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। इधर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर विधायक विनोद कंडारी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। इस मौके पर ग्रामीण निर्माण विभाग अस्थाई प्रखंड घनसाली के अपर सहायक अभियंता नरेंद्र सिंह गुनसोला, मंडल अध्यक्ष विकास मेहरा, सुरेश चंद्र, पूर्व प्रधान सुमेर चंद्र, जोत सिंह रावत, पुलमा देवी, दर्शनी देवी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुआ श्री बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव

## वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन श्री बालाजी मंदिर में हुई पूजा-अर्चना

**कोटद्वार :** श्री बाला जी मंदिर का बीसवां वार्षिकोत्सव प्रारंभ हो गया है। प्रथम दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बालाजी की पूजा-अर्चना की गई। कोटद्वार स्थित श्री बाला जी मंदिर में चार दिन तक चलने वाले वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रातः आठ बजे पूजा-अर्चना की गई। पंड़ित ईशमोहन बहुगुणा, भास्कर बहुगुणा ने वेदी पूजन करवाया। पूजन के मुख्य यजमान दिनेश ऐलावादी, बीना ऐलावादी व गोपाल कृष्ण अग्रवाल थे। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बालाजी भगवान से खुश–शांति की कामना की। वार्षिकोत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। मंदिर के प्रवेश द्वार पर तरह–तरह के फूल लगाए गए हैं। श्री बाला जी मंदिर कोटद्वार के सदस्यों ने बताया कि वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में लैंसडौन विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत मौजूद रहेंगे। इस शाम के समय बालाजी महाराज की भव्य रथ यात्रा भी निकाली जाएगी। जिसमें तरह-तरह की आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगे। इस मौके पर जनकी द्विवेदी, मुकेश बलोदी, चंडी पंत, सुशील भाटिया, राजीव गुप्ता, अमन अग्रवाल, पवन जैन, साहिल आदि मौजूद रहे।

## 10 छात्रों को मिला 4.32 लाख का पैकेज

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के 10 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। गढ़वाल विवि कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेवा विभाग के तत्वधान में अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन ने 10 से 11 मई को फाउण्डेशन के स्टेट हेड मोहम्मद मुज्जफर सहित 6 विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार प्रक्रिया संपन्न करवाई। जिसके तहत प्रथम चरण में 57 छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें शालीनी भट्ट, अभिषेक मैखुरी, गिरीश सिंह, ऋषभ नेगी, लच्छी महर, अभिषेक शाह, पुजीता, दीर्घा, त्रिशला, हेम नलिनी का चयन 4.32 लाख रूपये वार्षिक पैकेज के साथ हुआ है। प्लेसमेंट सेल के संतोष घिल्डियाल, राजेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी। (एजेंसी)

# 18 जून को चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 18 जून को जनपद में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जनपद के समस्त राजकीय इण्टर कॉलेजों के कक्षा 06 से 12वीं के छात्र-छात्राओं के मध्य स्वच्छता विषय पर 12 जून को चित्रकला प्रतियोगिता एवं 13 जून को स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों को 18 जून को पुरस्कृत किया जाएगा।

जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल आशीष नैथानी द्वारा जिला मुख्यालय एवं बाहरी न्यायालयों में प्रातः 08 बजे से चार घंटे तक स्वच्छता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सफाई अभियान को सफल बनाने हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल अकरम अली ने जनपद के समस्त अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्राधिकरण के समस्त पराविधिक स्वयं सेवीगणों को अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाये हेतु निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त विद्यालयों के एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में रैली निकालकर आम जनमानस को जागरूक किया जाए।

# भवनों के नक्शे पास नहीं होने पर भड़के कांग्रेसी

**श्रीनगर गढ़वाल :** जिला विकास प्राधिकरण द्वारा भवन मानचित्र (नक्शे) स्वीकृत न कराए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त किया। इस संदर्भ में उन्होंने तहसील के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर नक्शे पास न कराए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल ने कहा कि कामर्शियल, वन टाइम सेटलमेंट, कंपाउंडिंग आदि मानचित्रों के आवेदन प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित विभागों की अनापत्ति प्रमाण पत्रों के साथ जिला विकास प्राधिकारण पौड़ी में जमा किए गए हैं। लेकिन छह माह से अधिक का समय होने के बावजूद मानचित्रों की स्वीकृति प्रदान नहीं की जा रही है। जिससे लोगों को भारी परेशानियां हो रही हैं। उन्होंने उक्त आवेदनों पर विचार कर शीघ्र स्वीकृति प्रदान कराने की मांग की। कहा यदि शीघ्र ही इस मामले में सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो प्राधिकरण के नकारात्मक रवैए के विरोध में जनता को साथ लेकर आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में पीसीसी वीरेंद्र सिंह नेगी, संजय कुमार, सुधांशु नौडियाल आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## चयन ट्रायल का आयोजन दस जून को

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** बाईचुंग भूटिया फुटबॉल अकादमी दिल्ली की देशव्यापी मुहिम हंड्रेड सिटी, हंड्रेड ट्रायल्स के अंतर्गत कोटद्वार में भी आवासीय अकादमी के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 10 जून को जनता इंटर कॉलेज मोटाढांक खेल मैदान में आयोजित किया जायेगा।

इसके लिए निःशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण चल रहे हैं एवं अभ्यर्थी आयोजन स्थल पर भी पंजीकरण कर सकते हैं। प्रतिभागियों का जन्म 1 जनवरी 2006 से 31 दिसंबर 2013 के मध्य होना चाहिए।

# परंपरा के तहत किया नागराजा देवता का पूजन

**श्रीनगर गढ़वाल :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत उफल्डा में नागराजा देवता का पूजन धूमधाम के साथ किया गया। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए देवता को सवादोण (40 किलो आटे) का रोट चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। वर्षों पूर्व से चली आ रही परंपरा के तहत गुरुवार को उफल्डा और आसपास के गांव के लोगों ने नागराजा देवता की पूजा की। सुबह 10 बजे से नागराजा मंदिर के समीप पंचायती चौरी में ग्रामीणों ने 40 किलोग्राम आटे को हाथ और थपकियों से गूंदा गया। मंदिर परिसर में रोट पकाने के लिए उपले और लकड़ियों को जलाकर उसको पकाने के लिए अंगारों से ढक दिया गया। इस दौरान महिलाओं पर देवी-देवता अवतरित हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि प्रत्येक तीन साल बाद यह पूजा होती है। नागराजा को चढ़ाया जाने वाला रोट नए गेहूं से तैयार आटे का बनाया जाता है। मान्यता है कि नागराजा को रोट चढ़ाने से बारिश होती है। जिससे फसलें अच्छी होती हैं। देव पूजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धनाई, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह बिष्ट, सचिव कुशाल सिंह रावत, बंटी भंडारी, राजेद्र बिष्ट, कमल सिंह धनाई, सुरेंद्र सिंह नेगी, विक्रम सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जल्द होगा कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन

**श्रीनगर गढ़वाल :** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए ब्लॉक कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी के साथ-साथ सभी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन पर चर्चा हुई। इस दौरान बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुझाव रखे।

इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव एवं उसके बाद लोकसभा के चुनाव प्रस्तावित है। जिसके मद्देनजर संगठन को मजबूत करने के लिए हर गांव घर-घर जाने का रोड मेप तैयार किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहनानन्द डोभाल, डा. प्रताप भंडारी, सेवादल जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चंद और ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर भंडारी ने पंचायत अध्यक्षों के साथ सभी जिला कार्यकारिणी का शीघ्र गठन करने की बात कही। इस अवसर पर जगदीश बड़वाल, दिनेश स्नेही, गम्मा सिंह, कुसुमलता गुसाईं, मीनाक्षी पोखरियाल, पल्लवी राज, प्रदीप थपलियाल, दीपक सजवाण, किशोर पोखरियाल, रामलाल नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# राज्यपाल ने राजभवन में अपनी नई वेबसाइट लांच की



नैनीताल : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में अपनी नई वेबसाइट को लांच किया। वेबसाइट में विचार एवं दृष्टि, राज्यपाल से संवाद और सामाजिक पहल सहित कई खंड हैं। वेबसाइट में जहां राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न उपयोगी योजनाओं से संबंधित वेबसाइट का भी लिंक उपलब्ध कराया गया है वंही राजभवन के न्यूज़ लेटर भी विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराये गए हैं। वेबसाइट पर राज्यपाल से संबंधित सूचनाएं, उनके भाषण, साक्षात्कार एवं संदेश तथा फोटो गैलरी में विभिन्न कार्यक्रमों के चित्र उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त वेबसाइट में राज्यपाल के सामाजिक जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों और यात्राओं के बारे में नवीनतम जानकारियों को भी सम्मिलित किया गया है। वेबसाइट लांचिंग के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी व तकनीकी के युग में संचार-सुविधाओं का समुचित लाभ जन–जन तक पहुंचना बहुत जरूरी है। मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता से अधिक से अधिक जुड़ सकूं। यह वेबसाइट जो आज लांच की गई है, उसके माध्यम से राजभवन से संबंधित सभी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचनाएं, प्रकाशन, अभिलेख आदि सर्वसुलभ हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के सभी विश्वविद्यालय की वेबसाइटों से इस वेबसाइट की इंटरलिंकिंग हो जाने से राज्य के विश्वविद्यालयों से संबंधित सूचनाएं भी इच्छुकों को सहज रूप से उपलब्ध हो जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण में दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला अपनी विरासत पर गर्व करना और दूसरा विकास के लिए हर संभव प्रयास करना। हम इस सोच के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। योग-आयुर्वेद, अध्यात्म, ऑर्गेनिक फ़ार्मिंग और जीरो बजट नेचुरल फ़ार्मिंग भविष्य है, आर्टिफिशियल इंटलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी, ड्रोन टेक्नोलॉजी अब भविष्य की बात नहीं हैं, यह वर्तमान में हो रहा है, इसको और विकसित करना ही होगा, कोविड के बाद ऑनलाइन और वर्चुअल शब्द कॉमन हो गए हैं, उत्तराखण्ड इन सभी विषयों पर लीड ले सकता है। राज्यपाल ने कहा कि यह जनता के लिए पारदर्शिता, पहुंच और सूचना का निर्बाध प्रसार सुनिश्चित करने के साथ ही सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

बागेश्वर : लंबित मांगे पूरी नहीं होने पर जल संस्थान कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कड़ी आपत्ति जताई है। विरोध में उनका धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन जारी रहेगा।मोर्चा से जुड़े कर्मचारी रोजाना की तरह गुरुवार को को जल संस्थान कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनकी लगातार उपेक्षा हो रही है। तीन महीने बाद भी उनके वेतन व ईपीएफ का भुगतान नहीं हुआ है। अल्पवेतन पाने वालों को भी तीन महीने से आज तक वेतन नहीं दिया गया है। उन्होंने ईपीएफ व वेतन का भुगतान जल्द करने की मांग की है।

# 23 घंटे बाद शुरू हुआ बीएसएनएल का नेटवर्क

बागेश्वर : कपकोट तहसील क्षेत्र में 23 घंटे बाद बीएसएनएल सेवा शुरू हो गई है। सेवा शुरू होने के बाद लोगों के मोबाइल फोन घनघनाने लगे।

दो दिन से तहसील के चक्कर काट रहे लोगों को भी राहत मिली। लोगों ने जरूर ऑनलाइन कागज बनाने की कार्रवाई शुरू की। बैंक तथा पोस्ट ऑफिस में भी लोगों के कार्य संपन्न किए गए।

विदित हो कि बुधवार की दिन 12 बजे क्षेत्र में बीएसएनएल सेवा ठप हो गई। इस कारण इंटरनेट सेवा भी प्रभावित हो गई। ग्रामीण क्षेत्र से पांच सौ से 1000 रुपये खर्च करने के बाद तहसील मुख्यालय आए लोग निराश लौटे। गुरुवार की सुबह से ही तहसील मुख्यालय लोग पहुंचने लगे, लेकिन सेवा सुचारू नहीं होने से कई लोग निराश लौट गए, कुछ लोग सेवा शुरू होने का इंतजार करते रहे। करीब 11 बजे सेवा सुचारू हो सकी। 23 घंटे बाद सेवा मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। तहसील में जाकर लोगों ने आय, जाति के प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया।

कुछ लोगों ने खाता-खतौनी निकाली। बैंक, पोस्ट-ऑफिस तथा साइबर कैफे में एक बार लोगों की चहल–पहल बढ़ी। इधर बीएसएनएल के जेटीओ गौरव त्यागी ने बताया कि ओएफसी लाइन कटने से दिक्कत आई। अब उसे ठीक कर दिया है। क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण कई बार लाइन कट चुकी है। (एजेंसी)

# बरसात के दौरान पीएमजीएसवाई की सड़कों से मलबा हटाने को नौ जेसीबी होंगी तैनात

विकासनगर। भले ही अभी मानसून ने दस्तक नहीं दी हो, लेकिन संबंधित विभाग मानसून के दौरान आने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के लिए कवायद शुरू कर दी है। खासकर बरसात के दौरान मलबा आने से बंद सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी तैनात करने लोक निर्माण विभाग सक्रिय हो गया है।

बरसात के दौरान जौनसार बावर में मलबा आने से कई मार्ग बंद हो जाते हैं। दूर दराज के संपर्क मार्गों पर मलबा हटाने के लिए समय पर जेसीबी नहीं पहुंचती है, जिससे ग्रामीणों की कई दिनों तक आवाजाही ठप हो जाती है। इस बार ग्रामीणों को इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने अभी से कवायद शुरू कर दी है। पीएमजीएसवाई निर्माण खंड लोनिवि कालसी ने क्षेत्र में बरसात के दौरान नौ स्थानों पर जेसीबी तैनात करने का निर्णय लिया है, जिससे सड़क बंद होने पर जेसीबी जल्द मौके पर पहुंच सके। कालसी और चकराता ब्लॉक अंतर्गत पीएमजीएसवाई योजना के तहत बनी सड़कों से मलबा हटाने के लिए कालसी, कोटी–कनासर, कोटी कालोनी, पजिटिलानी, क्वांसी, गौराघाटी, त्यूणी, कथियान और माख्टी में जेसीबी तैनात की जाएंगी। पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि निर्धारित सभी जगहों पर जेसीबी तैनात करने के लिए निविदाएं आमंत्रित कर दी गई हैं।

## सोलर लाइट खरीद में वित्तीय अनियमितता का आरोप

बागेश्वर : जिला पंचायत द्वारा लगाई गई सोलर लाइटों की जांच की मांग मुखर होने लगी है। सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल वनवासी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर गांवों में लगाई गई सोलर लाइटों की खरीद की जांच की मांग की है। जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन मेंवनवासी ने कहा है कि सोलर लाइट खरीद में भारी वित्तीय अनियमितता बरती गई है। उन्होंने कहा है कि उनके पास सारे बिल मौजूद हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से शीघ्र जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। (एजेंसी)

## 22 जून को शुरू होगा गोलज्यू ग्रीष्मोत्सव

चम्पावत। चम्पावत में एक बार फिर गोलज्यू ग्रीष्मोत्सव की धूम मचेगी। इसके लिए पालिका ने तैयारी शुरू कर दी है। नौ दिनी महोत्सव का शुभारंभ 22 जून को किया जाएगा। कोरोना की वजह से तीन साल तक कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका था। चम्पावत में गोलज्यू ग्रीष्मोत्सव 22 से 30 जून तक होगा। इसको लेकर पालिका ने तैयारी शुरू कर दी है। मेले को लेकर पालिकाध्यक्ष व सभासदों ने बैठक में विचार विमर्श किया। पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा ने बताया कि 22 जून को मेले का शुभारंभ होगा। मेले में सीएम धामी के आने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि शुभारंभ पर स्कूली बच्चों की झांकी निकाली जाएगी।

# हरदा बोले त्रिवेन्द्र ने किया क्रांतिकारियों का अपमान, भाजपा मांफी मांगे

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के विवादास्पद बयान से सियासत गरमा गई है। यूपी के बलिया में त्रिवेंद्र रावत ने नाथूराम गोडसे को देशभक्त करार दिया था। जिसके बाद कांग्रेस ने त्रिवेंद्र रावत के बयान को आधार बनाते हुए बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने त्रिवेंद्र रावत पर पूर्वांचल की जनता का अपमान करने का आरोप लगाया है।

साथ ही माफी मांगने को कहा है। त्रिवेंद्र रावत का नाथूराम गोडसे पर बयानः दरअसल, उत्तर प्रदेश के बलिया में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत बीजेपी कार्यालय में मीडिया से मुखातिब हुए थे। इस दौरान उन्होंने नाथूराम गोडसे पर बयान दिया था। त्रिवेंद्र रावत का कहना था कि जहां तक मैंने नाथूराम गोडसे को जाना और पढ़ा है, उसके अनुसार वो एक सच्चे देशभक्त थे, लेकिन महात्मा गांधी की जो हत्या हुई, उससे हम सहमत नहीं हैं। इसके अलावा उन्होंने राहुल गांधी पर भी बयान दिया था।वहीं, त्रिवेंद्र रावत के बयान पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने तीखा हमला बोला है,



हरदा का कहना है कि 'क्या भारतीय जनता पार्टी, गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त मानती है? देश स्पष्टीकरण चाहता है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने क्रांतिकारियों की धरती पूर्वांचल में गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताकर पूर्वांचल की जनता का अपमान किया है। पूर्वांचल के अपमान के लिए बीजेपी को माफी मांगनी चाहिए।उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत बोले, नाथूराम गोडसे असली देशभक्तकांग्रेस ने बीजेपी को घेराः उत्तराखंड कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी नाथूराम गोडसे के काले इतिहास को एक षड्यंत्र के तहत बदलना चाहती है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट का कहना है कि बीजेपी के केंद्रीय मंत्रियों से लेकर उनके प्रदेश के नेता और राज्यों के मुख्यमंत्री सभी मिलकर नाथूराम गोडसे को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साल 2015 में बीजेपी ने देशभक्त नाथूराम गोडसे नाम की एक डॉक्यूमेंट्री जारी की थी। ऐसे में समुचे दुनिया इस बात को भली–भांति जानती है कि किस प्रकार से नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की निर्मम हत्या की थी, लेकिन बीजेपी गोडसे को महिमामंडित करने और देशभर में गोडसे के मंदिर बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए इस बारे में कोई संदेह नहीं है कि जैसी विचारधारा बीजेपी की है, उसी के अनुरूप बीजेपी के नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं।

## एक नजर

### जीआईसी चौमेल में एसएमसी के अजय सिंह बिष्ट और पीटीए के योगेश सिंह बिष्ट बने अध्यक्ष

चम्पावत। बाराकोट के अटल उत्कृष्ट जीआईसी चौमेल में एसएमसी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय विकास पर चर्चा करने के साथ एसएमसी का गठन किया गया। बैठक में सीबीएसई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल निराशाजनक होने पर अभिभावकों ने चिंता व्यक्त की। चामी के ग्राम प्रधान प्रकाश सिंह महर ने बताया कि विद्यालय को अटल उत्कृष्ट का दर्जा तो दे दिया, लेकिन स्थाई प्रधानाचार्य सहित कई शिक्षकों के पद रिक्त हैं। इस दौरान एसएमसी के लिए अजय सिंह बिष्ट और पीटीए के लिए योगेश सिंह बिष्ट को अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर प्रभारी खंड शिक्षाधिकारी रमेश राम, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र आर्य, राजेश जोशी, चंद्रशेखर बगौली, बालम पंवार, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

### रीठासाहिब से गायब हुआ तीर्थ यात्री चार दिन बाद मिला बेसुध

चम्पावत। रीठासाहिब से गायब हुआ एक तीर्थ यात्री चार दिन बाद मिला। ये यात्री स्थानीय लोगों को रीठासाहिब से दो किमी दूर गधेरे में बेसुध मिला। बाद में ग्रामीणों ने अधेड़ को चौड़ामेहता अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत स्थिर है। रीठासाहिब थाने के एसआई कुंदन सिंह बोहरा ने बताया कि बाजपुर निवासी पाल सिंह (52) पुत्र बलवंत सिंह निवासी बाजपुर, साथियों के साथ बीते चार जून को रीठासाहिब आया था। इसी दौरान पाल सिंह साथियों से बिछुड़ गया। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिलने पर साथियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। बीते छह जून को परिजनों ने रीठासाहिब में पाल सिंह की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने अधेड़ की काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार को परेवा के ग्रामीण चेतन गिरी व कमल परवाल पाइप लाइन ठीक करने गधेरे में गए। जहां उन्हें एक अधेड़ बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। दोनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बेसुध पाल सिंह को चौड़ामेहता अस्पताल में भर्ती कराया। पाल सिंह गधेरे में कैसे पहुंचे इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। बाद में पाल सिंह को डीएच में रेफर कर दिया। पुलिस टीम में रवींद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद, मुस्तफा अंसारी, संजय कुमार, केशव दत्त भट्ट आदि मौजूद रहे।

### लंपी रोग से हुई पशुहानि का मिले मुआवजा

चम्पावत। लंपी रोग की चपेट में आकर मर रहे मवेशियों का पशुपालकों ने मुआवजा देने की मांग की है। रोग की चपेट में आने से अब तक रायनगर, फोर्ती और गुमदेश क्षेत्र में करीब 25 से अधिक दुधारु गाय की मौत हो चुकी है। नगर से सटे फोर्ती गांव में लंपी वायरस के बढ़ते रोग को देखते हुए पशुपालन विभाग लोहाघाट की टीम ने टीकाकरण शुरू कर दिया है। पशु पालन विभाग के अधिकारी डॉ. डीके चंद के दिशा निर्देश पर फार्मासिस्ट जनक चंद, हरिनंदन पुनेठा ने फोर्ती गांव में पशुओं का टीकाकरण किया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सरकार से पशु पालकों को मुआवजा देने की मांग की है।

### साक्ष्य के अभाव में ठगी का आरोपी दोषमुक्त

बागेश्वर : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुंजन सिंह की अदालत ने ठगी करने के आरोपी को दोषमुक्त किया है। मामला एक सितंबर 2022 का है। नौकोड़ी, हरसिंग्याबगड़, कपकोट निवासी चंचल सिंह पुत्र जोहार सिंह को अज्ञात ने फोन कर उसके मोबाइल फोन पर एनीडेस्क एप डाउनलोड करवाया। एप डाउनलोड करते ही ग्रामीण के यूनियन बैंक कपकोट के खाते से तीन लाख, 39 हजार, 900 रुपये निकाल लिए। दो सितंबर को ग्रामीण ने साइबर क्राइम सेल में अज्ञात के खिलाफ लिखित सूचना दी। जिसके आधार पर साइबर क्राइम सेल ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 और 67 आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया। विवेचना के दौरान पवन कुमार पुत्र गोरे लाल महतो निवासी शेखपुरा, बिहार का नाम सामने आया।

### फर्नहिल के जंगल में लगी आग से वन सम्पदा को नुकसान

चम्पावत। फर्नहिल के जंगल में लगी आग से करीब आधा हेक्टेयर वन क्षेत्र धधक उठा। इससे बड़ी मात्रा में वन संपदा खाक हो गई। वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फर्नहिल के जंगल में बुधवार की रात को अचानक आग भड़क गई। जंगल में आग लगने से छोटे बड़े पेड़ पौधे जलकर खाक हो गए। व्यापारी नरेश चंद्र, प्रकाश सिंह, दीवान सिंह ने बताया रात कि आग की लपटें विकराल रूप ले रही थी। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल वन विभाग को दी। आग लगने से चीड़, बांज, बुरांश, फल्याठ सहित कई प्रजातियों के हरे पेड़ जलकर राख हो गए। वन क्षेत्राधिकारी दीप जोशी ने बताया कि जंगल में आग लगते की सूचना मिलते ही वन कर्मियों को भेजा गया।

# विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों से मांगे क्षेत्र के विकास के लिए सुझाव

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के तहत विधान सभा के वरिष्ठ नागरिकों से संवाद किया गया। जीवनगढ़ स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर उनसे क्षेत्र के विकास के लिए सुझाव मांगने के साथ ही केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की।



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और पार्टी संगठन के कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचानी जरूरी है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर घर संपर्क कर समाज के सभी वर्गों से संवाद करना होगा। उन्होंने बताया कि समाज के सभी वर्गों में भाजपा का जनाधार बढ़े इसके लिए कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों से निकलते हुए केंद्र में सरकार बनाने और विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनने में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान है। विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि आज देश का नेतृत्व कुशल हाथों में है। एक ऐसा व्यक्ति जो पूरे विश्व को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है, उसे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अथक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। सबसे वरिष्ठ कार्यकर्ता जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक सदस्य चंदनलाल अग्रवाल ने पार्टी के संघर्ष के दिनों की याद साझा करते हुए युवा कार्यकर्ताओं को लगन और मेहनत से पार्टी के लिए काम करने की सलाह दी।

# मटियावा दोहा मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र के अछेड़ पुल से मटियावा दोहा मोटर मार्ग जर्जर हाल में है, जिसको लेकर गुरुवार को क्षेत्र के ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें बताया गया मार्ग की हालत बहुत खराब है, जिसमें जगह–जगह छोटे–बड़े गड्ढे बन रखे है। आए दिन दुर्घनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने मंत्री से शीघ्र ही मार्ग की सुधारीकरण की मांग की है।

मंत्री गणेश जोशी को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि मटियावा दोहा मार्ग का निर्माण कार्य दो वर्ष पहले पीएमजीएसवाई कालसी के द्वारा कराया गया था। कार्य पूर्ण होने के पश्चात पिछली बरसात में मार्ग पर मलवा आ जाने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। बताया कि जगह–जगह पर सुरक्षा दिवारें भी टूट गई जिसका मलवा अभी तक मार्ग पर ही पड़ा है। बताया भारी बरसात होने से मार्ग पर छोटे–बड़े गड्ढे भी बन रखे है। जिससे यहां से गुजरने वालों के साथ आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। जिसके बारे में कई बार संबंधित विभाग को बताया जा चुका है, बावजूद इसके विभाग की तरफ से न तो मार्ग पर बने गड्ढों को भरा गया ना ही मलवा हटाया गया। जिससे ग्रामीणों मे विभाग के प्रति भारी रोष है। जिसको लेकर उन्होंने प्रदेश के काबिना मंत्री गणेश जोशी को एक ज्ञापन प्रेषित कर शीघ्र ही मार्ग की मरम्मत की मांग की है।

# पजिटिलानी में कबड्डी मैच के दौरान दो गुटों में चले लात घूंसे

विकासनगर। पजिटीलानी मिनी स्टेडियम बुधवार शाम को कबड्डी मैच के दौरान अखाड़े में बदल गया। दो गुटों के जमकर लात घूंसे चले। करीब पंद्रह मिनट तक स्टेडियम में दोनों गुट आपस में भिड़ते रहे। इस दौरान कबड्डी का मुकाबला देखने आए बच्चों और महिलाओं ने अफरातफरी मच गई। आपसी भिड़ंत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्थानीय लोग आयोजक समिति पर अव्यवस्था फैलाने का आरोप लगा रहे हैं।कालसी ब्लॉक के मिनी स्टेडियम पजिटीलानी में इन दिनों कबड्डी प्रतियोगिता चल रही है। प्रतियोगिता में कुल 22 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिनमें अन्य प्रदेशों की टीम भी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के कबड्डी लीग में खेलने वाले कई बड़े खिलाड़ी भी खेल रहे हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के कुछ लोगों में बहस हो गई। बहस बढ़ने पर हाथापाई शुरू हुई, जिसके बाद दो गुटों में जमकर लाठी, डंडे और लात घूंसे चले। इस दौरान बीच बचाव करने आने वालों पर लात घूंसे बरसे, जिससे अन्य कोई बीच बचाव करने नहीं गया। बताया जा रहा है कि करीब पंद्रह मिनट तक स्टेडियम लड़ाई का अखाड़ा बना रहा। हालांकि इस संबंध में किसी भी पक्ष की ओर से राजस्व और रेगुलर पुलिस में कोई तहरीर नहीं दी गई है। उधर, आयोजक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मैच के दौरान दर्शकों में किसी बात को लेकर बहस हो गई थी,

## क्षतिग्रस्त नाली निर्माण की मांग को लेकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

चम्पावत। तल्ली चांदमारी मोहल्ले में क्षतिग्रस्त नाली निर्माण की मांग को लेकर लोगों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। गुरुवार को जगदीश पाटनी के नेतृत्व में लोगों ने तल्ली चांदमारी में प्रदर्शन करते हुए बताया कि लंबे समय से नालियां क्षतिग्रस्त और बंद होने के कारण गंदगी सड़कों पर बह रही है। जिससे मार्ग में चलने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई महीनों से सड़क किनारे बनी नालियां बंद और क्षतिग्रस्त पड़ी हैं। जिनकी विभाग सुध नहीं ले रहा है। ग्रामीणों ने कहा कई बार ग्राम प्रधान पाटन–पाटनी और प्रशासन से नाली निर्माण की मांग की गई थी,

# बदहाल कैनाल बाईपास पर पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

विकासनगर। विकासनगर, हरबर्टपुर मुख्य बाजार को जाम से निजात दिलाने के लिए एक दशक पूर्व बने कैनाल बाईपास खस्ताहाल हो गया है। करीब एक दशक पहले निर्माण के बाद से अभी तक इस मार्ग का सुधारीकरण नहीं हुआ है, जिससे चलते यात्री वाहन हरबर्टपुर, विकासनगर मुख्य बाजार से होकर ही गुजर रहे हैं।

सिंचाई विभाग के अधीन आने वाले कैनाल बाईपास पर मेहूंवाला से हरबर्टपुर तक गड्ढों की भरमार है। करीब एक फीट गहरे गड्ढों से दुपहिया वाहन और ऑटो रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। इस बाईपास के दोनों किनारों पर आवासीय बस्तियां बसी हुई हैं। इन



बस्तियों बाशिंदों का गड्ढों से अटी पड़ी सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसी मार्ग पर एक निजी अस्पाताल और सरकारी शिक्षण संस्थान भी है। उत्तराखंड जन जागृति मंच के प्रदेश सचिव सुशील कुक्की ने कहा कि मार्ग की बदहाली को लेकर कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से वार्ता की गई लेकिन इसके सुधारीकरण को लेकर अभी कोई गंभीर नहीं दिख रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए जल्द मार्ग सुधारीकरण की मांग की है। उधर, सिंचाई विभाग के एसडीओ संदीप राठौर ने बताया कि जल्द ही कैनाल बाईपास पर पैचवर्क कराया जाएगा।

# फिर हुआ एक और मामला, नबाब बन गया गुड्डू

उत्तरकाशी। जिले के पुरोला में मुस्लिम युवक व उसके साथी द्वारा नाबालिग लड़की को भगाने के प्रयास का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ कि इसी तरह की एक और घटना ने आग में घी डालने का काम कर दिया है। ताजा मामला उत्तरकाशी जिले के ही आराकोट क्षेत्र का है। आराकोट के मोल्डी में सेब बगीचों में काम करने वाली नेपाली मूल की महिला ने यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के रहने वाले मुस्लिम युवक नवाब खान पर बेटियों को भगाने के प्रयास का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि युवक और नाबालिग लड़कियों की दोस्ती पबजी गेम खेलने के दौरान हुई थी। महिला ने इस मामले में आराकोट पुलिस चौकी में तहरीर भी दी है। महिला ने पुलिस को बताया है कि मुजफ्फरनगर जिले का रहने वाले नवाब खान उसकी दो बेटियों से गुड्डू बनकर फोन पर अश्लील बातें करता था। ये लोग दो साल से पब्जी और दूसरे ऑनलाइन गेम खेल रहे थे और इसी के जरिए उनकी जान–पहचान हुई। लड़के ने अपने को हिंदू बताकर लड़कियों से बात करता था। गुरुवार को वो उन्हें लेने आराकोट मोल्डी आया था, जहां स्थानीय लोगों ने उनका पीछा कर तीनों को पकड़ लिया।

महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उनकी बेटियों को डराया धमकाया जा रहा है। आरोपी कुछ अश्लील चैट वायरल करने की धमकी दे रहा है। महिला ने तहरीर में बताया कि बीते रोज लड़के ने उनकी दोनों बेटियों को त्यूणी बुलाया और कहा कि उनको मुंबई में काम दिलवाएगा और वहीं शादी कर लेगा। उसने लड़कियों को ये बात किसी और को बताने से मना की थी और ऐसा करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में देवभूमि रक्षा अभियान के सदस्य राकेश तोमर उत्तराखंडी ने कहा कि आए दिन इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन पुलिस इन घटनाओं को हल्के में ले रही है। वहीं, थाना अध्यक्ष मोरी मोहन सिंह कठैत ने बताया कि वह घटनास्थल के लिए रवाना हो रहे हैं। चौकी पर पीड़ितों ने तहरीर दी है, जिसके बाद जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बीती 26 मई को भी उत्तरकाशी जिले के पुरोला में इसी तरह का मामला सामने आया था। उस मामले में भी एक मुस्लिम युवक को उसके साथी के साथ स्थानीय लोगों ने एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ पकड़ा था। इस मामले को लेकर पुरोला में काफी हंगामा हो रहा है। उन दोनों युवकों पर स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया था कि वो नाबालिग लड़की को भगाने का प्रयास कर रहे थे। इस घटना के बाद से ही पूरे उत्तरकाशी जिले में तनाव का माहौल है। माहौल को देखते हुए पुलिस–प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। जिले में पीएसी की दो प्लाटून को तैनात किया गया है। कई मुस्लिम व्यापारियों ने डर के मारे दुकानें खाली कर दी हैं। मुस्लिम व्यापारियों को पोस्टर चिपका कर शहर छोड़ने की धमकी भी दी जा रही है। पूरे शहर में व्यापारी बाजार बंद कर बाहरी लोगों को दुकान नहीं देने की अपील कर रहे हैं।

## चमोली में भी हुआ इस तरह का मामला

गौरतलब हो कि चमोली जिले के कर्णप्रयाग थाना क्षेत्र अंतर्गत गौचर से भी इस तरह का मामला सामने आया था। यहां 6 जून को गौचर बाजार में दो युवक नाबालिग लड़की के साथ घूम रहे थे, जिन पर स्थानीय लोगों को कुछ शक हुआ। जब लोगों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो एक युवक और लड़की वहां से भाग गए, जबकि दूसरा उनके हाथ लग गया। जिसे लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया था।इस मामले में नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों गुलजार मलिक उर्फ नितिन (26) और असलम (21) को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया था कि दोनों युवक यूपी के मेरठ जिले के सरधना थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। मुख्य आरोपी गुलजार की 8 महीने पहले ही शादी हुई थी।

# सीएम ने रूड़की क्षेत्र के लिए की तीन घोषणाएं

## रूड़की में भाजपा कार्यालय का किया भूमि पूजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को रूड़की में भाजपा कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



इस अवसर पर उन्होंने रूड़की क्षेत्र के लिए तीन घोषणाएं की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रूड़की के पठानपुरा से आदर्श नगर पैट्रोल पम्प तक आरसीसी नाला का निर्माण, रुड़की के मेन हाईवे से कान्हापुर तक बीएमएसडीबीसी द्वारा सड़क निर्माण, रुड़की के सोलानीपुरम की आन्तरिक सड़कों का इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क व नाली निर्माण कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बाबा केदार एवं भगवान बद्रीविशाल के आशीर्वाद और सड़्गी कार्यकर्ताओं की सेवा, समर्पण और पार्टी के प्रति सच्ची निष्ठा के बल पर रुड़की में पार्टी कार्यालय का भूमि पूजन संपन्न हुआ है। मुख्यमंत्री ने स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि जनसंघ के रूप में उन्होंने ऐसे राष्ट्रवादी संगठन की नींव रखी जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में सम्पूर्ण विश्व का सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने स्व. दीनदयाल उपाध्याय का स्मरण कर कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी आदर्श छवि एवं विशिष्ट बौद्धिकता से सम्पूर्ण विश्व में भारत के गौरव को बढ़ाने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए कि अटल के प्रधानमंत्रित्व काल में ही उत्तर-ाखण्ड अलग राज्य बना। मुख्यमंत्री कहा कि प्रधानमंत्री श्नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। देश आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं ऊर्जावान नेतृत्व में देश में अमृत युग प्रारंड्टा हो चुका है। एक ओर जहां भारत राष्ट्रीय स्तर पर विकास की नई-नई ऊंचाइयों को छू रहा है, वहीं वैश्विक स्तर पर एक सशक्त, सामर्थ्यवान और आत्मनिर्ड्टार देश के रूप में नई पहचान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से हमारा प्रदेश भी सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की दौड़ में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। राज्य में भ्रष्टाचार और ड्टार्ती घोटालों पर किए गए प्रहार से लेकर समान नागरिक आचार संहिता, धर्मांतरण कानून, महिला आरक्षण, भू-कानून, देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून बनाना और गरीबों को तीन निःशुल्क सिलेंडर देने जैसे कठिन मुद्दों पर सरकार द्वारा उठाए गए कदम इस बात का प्रमाण हैं कि आज राज्य सरकार प्रदेश हित में ऐसे मुद्दों पर भी निर्णय लेने का कार्य कर रही है, जिन मुद्दों को वर्षों तक ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। इस अवसर पर ड्टाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र ड्टाट्ट, हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसड्टा सांसद नरेश बंसल, विधायक प्रदीप बत्रा, महामंत्री संगठन अजेय कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा शोभाराम प्रजापति एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## कथा लेखन में यतिका और कथा कथन में शिवांशी ने मारी बाजी

चमोली : केन्द्रीय विद्यालय ग्वालदम के छात्रों ने जी 20 के अंतर्गत कथा लेखन और कथा कथन का आयोजन किया गया।

केन्द्रीय विद्यालय सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम में जी-20 जनभागीदारी क्रियाकलापों के अंतर्गत कथा लेखन और कथा कथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत अंतर सदनीय प्रतियागिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कथा लेखन में प्राथमिक विभाग में यतिका रावत, करण, रितिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कथा कथन प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग में शिवांशी, उत्कर्ष, महक क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। विक्रम सिंह वर्मा, राज सिंह रावत, अनीता ने निर्णायक मंडल के रूप में योगदान दिया।

इन प्रतियागिताओं से छात्र-छात्राएं जी-20 विषय से परिचित हुए। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या अनीता बिष्ट ने जी-20 विषयक जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. वेदप्रकाश गर्ग, देवाशीष प्रधान, रितु, ज्योति आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## लोक गायक कल्पना चौहान व रोहित चौहान के गीतों पर थिरके दर्शक

चमोली : चेपड़ो गांव मे चल रहे तीन दिवसीय शौर्य महोत्सव की दूसरी संध्या लोक गायको के नाम रही। लोक गायक कल्पना चौहान ने मेरा दयोरा मोहना....... और हीयूण का दिना ..... पर दर्शक जमकर थिरके वहीं मास्टर रोहित चौहान ने धन सिंह की गाड़ी, मेरी ब्योली गई ब्यूटी पार्लर में पर युवाओ का जोश देखने लायक था। युवा गानों पर रात भर नाचते रहे। वहीं मैदान भी दर्शको से खचाखच भरा रहा। दूसरी संध्या पर बतौर मुख्य अतिथि थराली विधायक भूपाल राम टम्टा उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता ने उनका जोरदार अभिनंदन किया और मेले को राजकीय मेला घोषित करने के लिए उनका धन्यवाद किया। शहीद भवानी दत्त स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उमा शंकर रावत, राकेश भारद्वाज, कृष्णा बिष्ट सदस्य जिला पंचायत सदस्य, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष विनोद रावत, मेला अध्यक्ष वीरू जोशी, संयोजक राजेंद्र चौहान, व्यवस्थापक देवी जोशी, कार्यक्रम संयोजक दिगपाल सिंह गडीया, लक्ष्मी जोशी, प्रकाश जोशी महिला मंगल दल अध्यक्ष नीलू शाह आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन दिगपाल सिंह गड़िया और रमेश देवराड़ी ने संयुक्त रूप से किया। (एजेंसी)



## प्राधिकरण ने चलाया स्वच्छता अभियान, लोगों को किया जागरूक

उत्तरकाशी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट के निर्देश पर गुरुवार को रामलीला मैदान में विभिन्न संगठनों के सहयोग से 11 दिवसीय वृहद स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के सदस्यों की ओर से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, प्लास्टिक तथा अन्य जैविक, अजैविक कचरे के निपटाने से सम्बंधित कानूनों को लेकर स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया।बुधवार को रामलीला मैदान में सचिव जिला सेवा प्राधिकरण श्वेता राणा चौहान तथा मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार के नेतृत्व में विभिन्न विभागों अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबधंन के तहत जैविक तथा अजैविक कचरे को लेकर वृहद्ध स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारीयों सहित पर्यावरण मित्र, महाविघालय उत्तरकाशी द्वारा रामलीला मैदान में चारों तरफ फैलें कूड़े को एकत्रित कर 30 बोरे नगर पालिका को सौंपे गए।

# नगर पालिका ने लगाई प्रदर्शनी, डीएम ने की सराहना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जोशीमठ नगर पालिका द्वारा प्लास्टिक वेस्ट मटेरियल को रिसाइक्लिंग कर ईको फ्रेंडली टेबल, कुर्सी, बैंच, अलमारी, गमले, कूडेदान, ट्री-गार्ड तैयार कराया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा गुरूवार को क्लेक्ट्रेट परिसर में प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित सामान की प्रदर्शनी लगाई गई।



जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित सामान को और भी आकर्षक डिजाइन में तैयार कराने पर जोर दिया। कहा कि किसी सामान को बनाने के लिए कितनी मात्रा में प्लास्टिक वेस्ट की आवश्यकता पड़ रही है इसका भी आंकलन करें। जिले की अन्य निकायों को भी इस मुहिम में शामिल किया जाए। ताकि निकायों को इससे अच्छी आय अर्जित हो सके। जोशीमठ नगर पालिका द्वारा वर्ष 2011 से अभी तक 10.50 लाख किलोग्राम कूड़ा विक्रय कर 86 लाख की आय अर्जित की जा चुकी है। नगर पालिका क्षेत्र में कूड़ा एकत्रित करने के बाद पालिका के कर्मियों द्वारा प्लास्टिक कूड़े को अलग करते हुए कॉम्पैक्ट किया जाता है। इसके बाद इसके 70 से 75 किलो के बंडल बनाकर नोएडा से ईको फ्रेंडली सामान टेबल, कुर्सी, बैंच, अलमारी, गमले, कूडेदान, ट्री-गार्ड आदि बनवाए जा रहे है। जिनकी सप्लाई पालिका को होने लगी है। पालिका द्वारा पार्क, सड़क किनारे एवं सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित ईको फ्रेंडली बैंच, कुर्सी, टेवल, कूडेदान आदि लगाए जा रहे है। जो लोगों को काफी पंसद भी आ रहे है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी भारत भूषण, एसआई अनिल कुमार सहित पालिका के अन्य कार्मिक मौजूद थे।

## तीर्थ यात्रियों की व्यवस्था में कोई कमी न हो : सौरभ

रूद्रप्रयाग : पशुपालन, दुग्ध विकास एवं सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने यात्रा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए कहा कि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों की व्यवस्था में कोई कमी न हो तथा जिन व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाना है उन्हें और बेहतर करना सुनिश्चित करें, ताकि यहाँ से तीर्थ यात्रि सुखद अनुभव लेकर जाए। उन्होंने घोडा खच्चरों को नियमित गरम पानी की उपलब्ध कराने के लिए चरहियों पर देखरेख और बेहतर साफ-सफाई के लिए कार्मिकों की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि घोड़ा खच्चर संचालकों द्वारा चरहियों में जूते चप्पल धोए जा रहे हैं जिससे कि पानी गंदा हो रहा है। इसके लिए उन्होंने आदेश जारी किया जाए कि ऐसे घोड़ा खच्चर संचालकों पर चालान की कार्यवाही की जाए तथा चेतावनी बोर्ड लगाया जाए।

इसके अलावा उन्होंने एनएच को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग के जिन स्थानों पर गड्ढे हैं उन्हें तत्काल ठीक किया जाए। साथ ही सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य जिन स्थानों में मार्ग खराब है उन्हें ठीक किया जाए।

# जनपद प्रभारी मंत्री ने पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा





रुद्रप्रयाग : दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश के पशुपालन, दुग्ध विकास एवं सेवायोजन मंत्री/जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए यात्रा मार्ग में विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे एवं संबंधित अधिकारियों के साथ गौरीकुंड से छौड़ी तक पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह एवं जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मंत्री द्वारा गौरीकुंड घोडा पडाव में तैयार किए गए टिन शैड एवं पानी की चरहियों एवं प्रीपेड काउंटर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौरीकुंड घोडा पडाव में घोडा खच्चरों के लिए बनाई गई चरहियों में समुचित सफाई व्यवस्था एवं निरंतर गरम पानी उपलब्ध न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुलभ इंटरनेशनल, जल संस्थान एवं पशुपालन विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्ग में जिन स्थानो पर ट्रेक रूट खराब है उन्हें भी संबंधित अधिकारियों को ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग में बिना पंजीकरण, कमजोर व अनफिट घोडा खच्चरों का संचालन किसी भी दशा में न किया जाए। यदि किसी के द्वारा ऐसे घोड़े खच्चरों का संचालन किया जाता है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान मंत्री द्वारा घोडा खच्चर संचालकों एवं तीर्थ यात्रियों से राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में भी वार्ता करते हुए फीडबैक ली गई। घोडा खच्चर संचालकों रोहित एवं भरत बगवाडी निवासी गुप्तकाशी ने मंत्री को अवगत कराया कि पिछली यात्रा से इस यात्रा में घोडा खच्चरों के लिए गरम पानी की व्यवस्था गई है तथा चरहियों की बेहतर सफाई की जा रही है।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा से आमन्त्रित **निविदा सं0 02/23–24** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 16.06.2023 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 17.06.2023 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0 खण्ड, नैनीडांडा

पत्रांक : 424/विविखनै/टी–6 दिनांक : 08.06.2023

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III /मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है । निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या, दिनांक | 60-DRM-MB-23-24 Date 08.06.2023 | 61-DRM-MB-23-24 Date 08.06.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | जोन-1 सहायक मंडल अभियंता शाहजहांपुर के अधीन सी. से. ई./वर्क्स/शाहजहांपुर के सेक्शन मे किलो मीटर 1235 से 1284 मे लकड़ी एवं रोड वर्क सहित जोन 2023-24 के लिए सर्विस बिल्डिंग एवं स्टॉफ क्वार्टर मे सामान्य मरम्मत के कार्य। | जोन-2 सहायक मंडल अभियंता शाहजहांपुर के अधीन सी. से. ई./वर्क्स/रोज़ा के सेक्शन मे किलो मीटर 1186 से 1235 मे लकड़ी एवं रोड वर्क सहित जोन 2023-24 के लिए सर्विस बिल्डिंग एवं स्टॉफ क्वार्टर मे सामान्य मरम्मत के कार्य। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 03.07.2023 16:00 | 03.07.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,01,99,743.43 | 1,25,99,869.85 |
| धरोहर राशि | 2,01,000.00 | 2,13,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 19.06.2023 | 19.06.2023 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publicationn दिनांक: 08.06.2023 1752/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## नैनबाग-घोड़ाखोरी मोटर मार्ग पर गड्ढे बनें परेशानी का सबब

नई टिहरी : नैनबाग-पतंवाड़ी-घोड़ाखोरी श्रीकोट मोटर मार्ग पर नैनबाग बाजार से लेकर डिग्री कॉलेज तक सड़क पर जगह-जगह बड़े–बड़े गड्ढे परेशानी का सबब बने हुए हैं। सड़क व इसके किनारे बनी नालियों की खस्ताहाल स्थिति होने के कारण बरसाती पानी सड़क पर आने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व प्रधान नैनबाग गंभीर सिंह रावत का कहना है कि एक साल में लोनिवि की ओर से मोटर मार्ग पर पेंच भराई का कार्य दो बार किया गया। लेकिन गुणवत्तापरक कार्य न होने के कारण साल भर के अंदर ही सड़क का पेंच भराई उखड़ कर सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे बन गए हैं।

## नशामुक्त भारत का संदेश लेकर साईकिल से लिंचोली पहुंचे युवा

रुद्रप्रयाग : देश में किसी भी प्रकार के नशे को जड़ से खत्म करने के लिए हमारे शरीर पर होने वाली बीमारियों के लिए जागरूक हमारी भारत सरकार, राज्य सरकारें, संस्थाएं तमाम कार्यक्रम करती रहती है। फिर भी नशे को जड़ से मिटाने में ना सिफर ही साबित हो रही है। कारण जब तक नई पीढ़ी के युवा शिक्षित वर्ग स्वयं ही इससे स्वयं जागरूक न हो यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि यह केदारनाथ यात्रा के मुख्य पड़ाव लिंचोली में साइकिलिंग युवा रवि मेहता और उनके साथियों के कथन हैं।



बता दें कि विगत दिवस खटीमा से केदारनाथ यात्रा पर अपने मार्गदर्शक रणदीप पोखरिया व कमल बिष्ट के सहयोग से ढाई सौ किलोमीटर की यात्रा पर निकल पड़े हैं की मात्र उद्देश्य व मकसद युवा पीढ़ी को नशा मुक्त कर जागरूक करना और एक स्वस्थ जीवन की तरफ युवाओं को ले जाना। उन्होंने बताया कि देश की रीढ़ युवा वर्ग फिटनेस के लिए जागरूक रहेगा तो देश को बड़े मुकाम तक ले जाएगा। मार्गदर्शकों के साथ अपने साथियों के साथ लिनचोली पहुंचने पर जिला पंचायत सदस्य कालीमठ विनोद सिंह राणा व एसडीआरएफ प्रभारी लिनचोली प्रविंद्र धस्माना ने रवि मेहता उनके साथियों का इस अच्छी पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनका स्वागत कर लिनचोली में बाबा केदार की प्रतिमा भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया और इस पहल में हर कदम पर सहयोग करने की बात कही।

## कंपनियां नियमों के मुताबिक संचालित हो : एसएसपी

नई टिहरी : एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने जनपद में संचालित चिटफंड व फाइनेंस कंपनियों के संचालकों और कार्मिकों के साथ बैठक कर नियम विरूद्ध चल रही कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही की चेतावनी दी। एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों को उनके क्षेत्र में संचालित फाइनेंस कंपनियों की जांच-पड़ताल करने के भी निर्देश दिए।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 दूसरा कॉल:- ABSS के लिए विद्युत कार्य अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के अमरोहा (AMRO) स्टेशन का उन्नयन। | 86,66,772.13 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। | 1,73,300.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 03.07.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय / उत्तर रेलवे, मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं.: 26/2023 दिनांक: 08.06.2023 1755/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

# पहनावे में मर्यादा जरूरी

एक सभ्य समाज में खुलेपन की सोच कितनी वृहद होनी चाहिए, इसका पैमाना निश्चित होना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में समाज के बीच रहकर मर्यादा एवं शालीनता का प्रदर्शन जरूरी है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से वह भारत देश जो अपनी वेशभूषा के लिए पूरे विश्व के लिए एक आदर्श था, आज उसी भारत देश में पहनावे का स्तर तेजी से गिरने लगा है। सोशल मीडिया के सक्रिय होने के बाद तो सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए बॉलीवुड से लेकर छोटे–छोटे गली मोहल्लों में अश्लील वस्तुओ की नुमाइश शुरू हो गई है। सरकार की ओर से फिलहाल अश्लील वस्त्रों को पहनकर समाज के बीच निकलने वाले लोगों के खिलाफ कोई नीति निर्धारित नहीं है लेकिन लगातार गिर रहे पहनावे के स्तर को देखते हुए अब मंदिरों में वस्त्रों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तराखंड के कई मंदिरों में अमर्यादित वस्त्रों को पहनकर दर्शनों के लिए आने वाले लोगों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई है और इसके लिए तमाम मंदिरों में बैनर और नोटिस भी लगाए गए हैं। उत्तराखंड के विभिन्न मंदिरों के पुजारियों एवं संतों ने इस प्रयास को आगे बढ़ाते हुए कांवड़ मेला शुरू होने से पहले पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी की ओर से हरिद्वार के दक्षेश्वर महादेव मंदिर और ऋषिकेश के नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड का नोटिस लगा दिया गया है जिसके बाद मंदिरों में अश्लील वस्त्र के साथ–साथ हाफ पैंट, फटी जींस, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट पहनकर आने वालों को मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा।मर्यादित कपड़े पहनकर आने वालों को ही मंदिर में प्रवेश कर दर्शन करने की अनुमति होगी। यह निर्णय भले ही देर से लिया गया है, लेकिन अब जरूरी हो गया था कि समाज में पहनावे के गिरते हुए स्तर को देखते हुए किसी को तो शुरुआत करनी ही थी। किसी भी मस्जिद तथा गुरुद्वारे में प्रवेश के लिए पोशाकें तय है और वहां पुरुष भी आधे अधूरे कपड़े पहन कर प्रवेश नहीं कर सकते लेकिन मंदिरों को फैशन का अड्डा बना दिया गया है जिनमें दर्शनों की आड़ में छोटे एवम फटे हुवे कपड़े पहन कर आने की होड़ लगी हुई है। असल में किसी भी धार्मिक स्थल पर प्रवेश करने के लिए उस स्थान की मर्यादा का पालन करना श्रद्धालुओं का नैतिक कर्तव्य है और इसके लिए सबसे पहली शुरुआत शालीन वस्त्रों के पहनावे के साथ की जा सकती है। चिंता की बात तो यह है कि पहनावे को लेकर सबसे बुरी स्थिति युवाओं में देखी गई है जो सार्वजनिक स्थानों के साथ–साथ धार्मिक स्थलों में भी मर्यादा है भंग कर रहे हैं। संतो के द्वारा मर्यादित वस्त्रों को पहन कर ही मंदिरों में प्रवेश करने का निर्णय स्वागत योग्य है और सभी छोटे बड़े मंदिरों में इस व्यवस्था का पालन होना चाहिए साथ ही श्रद्धालुओं को भी स्वतः ही गरिमा पूर्व वस्त्रों ओपन कर धार्मिक स्थलों में आना चाहिए।

# यूक्रेन का शुरू जवाबी हमला !

**रूसी ब्लॉगर बता रहे हैं कि यूक्रेन ने रूस की मोर्चाबंदी की बीच से एक छोटा सा रास्ता बना लिया है। जहाँ तक रूस का सवाल है, उसका उद्देश्य शायद केवल यह है कि पिछले साल हमले के शुरुआत हफ़्तों में जितनी ज़मीन पर उसने कब्ज़ा कर लिया था, उस पर उसका कब्ज़ा बना रहे। रूसी इंजीनियरों ने इस इलाके में जिस तरह की मज़बूत मोर्चाबंदी की है, वैसी ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ दशकों में दुनिया में कहीं नहीं देखी गई। सेटेलाइट से ली गयी तस्वीरों में वहां प्रथम विश्वयुद्ध की तरह की खंदकों की लम्बी सर्पीली लाइनें देखी जा सकती हैं।जवाबी कार्यवाही अभी क्यों? पहली बात तो यह है कि यूक्रेन लम्बी और बड़ी लड़ाई के लिए ज़रूरी हथियार इकठ्ठा करने में सफल हो गया है। दूसरे, उसे लगता है कि इस कार्यवाही में यदि उसे सफलता मिलती है तो उसके लिए नाटो की सदस्यता पाना आसान हो जायेगा। परन्तु यह इतना आसान भी नहीं है।**

**श्रुति व्यास**

यूक्रेन–रूस युद्ध में अहम मोड़ आया है। सोमवार पांच जून को यूक्रेन हमलावर हुआ। यूक्रेन ने जवाबी हमला शुरू किया। वैसे इस युद्ध को लेकर दुनिया ने, हम सबमें से अधिकांश ने तय कर लिया है कि वह किसके साथ है (हालाँकि भारत अब तक तय नहीं कर पाया है!)।को युद्ध के बारे में जानने–समझने वालों में एक वर्ग के लिए पांच जून जोश का दिन था। नहीं, मैं मजाक नहीं कर रही हूँ। यह खबर फ़्लैश होते ही कि यूक्रेन का जवाबी हमला शुरू हुआ है, अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में मानों रोमांच की एक लहर सी दौड़ गई।

रूस–यूक्रेन युद्ध के 468वें दिन अंततः यूक्रेन जवाबी हमले के मूड में दिखा। पश्चिमी देशों को कम से कम दो हफ्ते पहले इसके शुरू हो जाने की उम्मीद थी। कुछ तो अपना धैर्य खोने की कगार पर थे। कई हफ़्तों से यूक्रेनियाई सेना तैयारी कर रही थी। रूस और यूक्रेन के बीच 600 किलोमीटर लम्बी और दक्षिण से उत्तर–पूर्व तक फैली सीमा पर सैनिक साजो–सामान जमा किया जा रहा था। उद्देश्य था रूस की हमला करने की क्षमता को पूरी तरह समाप्त कर देना। यूक्रेन की सेना रात में ड्रोन के ज़रिये दुश्मन के टैंकों और मोर्चों को नष्ट कर रही थी। सीमा से पीछे स्थित हथियारों के भंडारों और ईंधन के गोदामों पर भी हमले किये जा रहे थे। सोमवार को यूक्रेन की सेना ने डोनेत्स्क इलाके में सीमा से सटे कई स्थानों पर हमला बोला और कम से कम दो जगह रूसी सेना को पीछे हटने पर मजबूर किया। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने बखमुत में कहा कि "हम इसी खबर का इंतजार कर रहे थे।"

इस जवाबी हमले की शुरुआत के लिए जो तारीख चुनी गयी वह सामरिक दृष्टि के अलावा, एक और नज़रिए से महत्वपूर्ण है। चार जून, जिस दिन हमले शुरू हुए, के दो दिन बाद ही डी–डे की वर्षगांठ है। डी–डे मतलब वह दिन जब यूरोप को नाज़ी जर्मनी से मुक्त करवाने की शुरुआत हुई थी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन की कार्यवाही को 'बड़े पैमाने पर हमलाइ बताया है। पश्चिमी देश और प्रेस रोमांचित है कि चलिए कम से कम शुरुआत तो हुई, हालाँकि यूक्रेन ने औपचारिक रूप से नहीं कहा है कि उसने जवाबी कार्यवाही शुरू कर दी है।

रूस की तरफ से कम जानकारी दी जा रही है और यूक्रेन ने तो चुप्पी साध रखी है। स्थानीय लोगों और ब्लॉगों के ज़रिये ही कुछ जानकारियां सामने आ रहीं हैं। इनमें से कुछ कोरी बकवास हैं। वॉर गोंजो नामक ब्लॉग, जिसे रुसी वॉर कोरेस्पोंडेंट सेम्योन पेगोव चलाते हैं, कुछ तथ्य उपलब्ध करवा रहा है। ब्लॉग के अनुसार, यूक्रेन के सैन्य बल नोवोदोनेत्सके इलाके में वेल्लयका नोवोसिल्का व व्हुलेदार के बीच 2 किलोमीटर अन्दर घुस आए हैं। यहाँ रूसी सेनाओं ने मोर्चा बाँधा हुआ था। ब्लॉग के अनुसार, यूक्रेन सैनिकों को ढोहने के लिए पश्चिमी मेकेनाइज्ड वाहनों का इस्तेमाल कर रहा है। हाल में ज़ेलेंस्की को पश्चिमी देशों से बड़ी मात्रा में टैंक और गोला–बारूद मिले हैं। इसी कारण पश्चिमी देश यह अपेक्षा कर रहे थे कि यूक्रेन जवाबी कार्यवाही शुरू करेगा।

इन्हीं का इस्तेमाल कर यूक्रेनियाई सैनिक 5 जून की सुबह नोवोदोनेत्सके तक पहुँच गए। एक लोकप्रिय रूसी टेलीग्राम चैनल के अनुसार, "सीमा से खबर यह है कि लड़ाई हर पल और तेज होती जा रही हैं।" डोनेत्स्क और ज़ैपोरिज्झिया इलाके में भी सीमा पर लड़ाई तेज हो गयी है। यूक्रेन इस जवाबी कार्यवाही को 'वसंत–ग्रीष्म सैन्य अभियानइ बता रहा है जो शायद सितम्बर या उसके बाद तक चलेगा।



यूक्रेन की सेना आगे बढ़ रही है। रूसी ब्लॉगर बता रहे हैं कि यूक्रेन ने रूस की मोर्चाबंदी की बीच से एक छोटा सा रास्ता बना लिया है। जहाँ तक रूस का सवाल है, उसका उद्देश्य शायद केवल यह है कि पिछले साल हमले के शुरुआत हफ़्तों में जितनी ज़मीन पर उसने कब्ज़ा कर लिया था, उस पर उसका कब्ज़ा बना रहे। रूसी इंजीनियरों ने इस इलाके में जिस तरह की मज़बूत मोर्चाबंदी की है, वैसी ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ दशकों में दुनिया में कहीं नहीं देखी गई। सेटेलाइट से ली गयी तस्वीरों में वहां प्रथम विश्वयुद्ध की तरह की खंदकों की लम्बी सर्पीली लाइनें देखी जा सकती हैं।

जवाबी कार्यवाही अभी क्यों? पहली बात तो यह है कि यूक्रेन लम्बी और बड़ी लड़ाई के लिए ज़रूरी हथियार इकठ्ठा करने में सफल हो गया है। दूसरे, उसे लगता है कि इस कार्यवाही में यदि उसे सफलता मिलती है तो उसके लिए नाटो की सदस्यता पाना आसान हो जायेगा। परन्तु यह इतना आसान भी नहीं है। पंद्रह महीने की लम्बी लड़ाई के बाद भी रूस के पास यूक्रेन से कहीं बड़ी सेना है और उससे कहीं ज्यादा गोला–बारूद और मिसाइलें हैं। यूक्रेन की सेना उसके सामने कुछ भी नहीं है, हालाँकि ऐसी खबरें भी हैं कि पश्चिम की मदद से यूक्रेन ने हथियारों और असलाह का ख़ासा स्टॉक जमा कर लिए है। ?फ़–16 लड़ाकू जहाज, जिनकी बड़ी चर्चा है, यूक्रेन को मिल गया है। इस बीच गर्मी का पूरा मौसम है। रूस ने जवाबी कार्यवाही का जवाब देना शुरू कर दिया है।ये पंक्तियां लिखते वक्त खबर आई है कि खेरसों के पास एक बाँध को रूस ने नष्ट कर दिया है और वहां से लोगों को निकाला गया है। यूक्रेन को उम्मीद है कि वह अपनी सीमित ताकत से भी तब तक लडऩा जारी रख सकता है जब तक कि बड़े हथियार उसे नहीं मिल जाते। युद्ध एक बार फिर जोर पकड़ रहा है।

# राजस्थान में हुई गहलोत–पायलट में सुलह



**अजय दीक्षित**

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच अरसे से चली आ रही तनातनी फिलवक्त थम गई लगती है। गौरतलब है कि राजस्थान में 2018 में कांग्रेस की सरकार वनने के बाद सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से नवाजा गया था। माना जा रहा था कि उनके प्रदेशाध्यक्ष रहते कांग्रेस ने एकजुटता से चुनाव लड़कर वसुंधरा राजे की भाजपा सरकार को जिस तरह पराजित किया था, उसके परिणामस्वरूप सचिन को यह पद सौंपा गया था। लेकिन पहले दिन से ही गहलोत और सचिन के वीच छत्तीस का आंकड़ा बन गया। दोनों नेता एक दूसरे के धुर विरोध में उतर आने लगे। वाद में सचिन ने अपने लिए पार्टी और सरकार में ज्यादा सम्मानजनक स्पेस हासिल करने के लिए समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा के एक होटल में डेरा डाला तो गहलोत ने बड़ी सफाई से इस प्रयास को सचिन की कांग्रेस और पार्टी नेतृत्व से बगावत के रूप में पेश किया। इसके बाद के घटनाक्रम में सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा और प्रदेशाध्यक्ष पद पर भी गोविंद सिंह डोटासरा को बिठा दिया गया। उसके वाद से दोनों नेता एक दूसरे पर तंज कसने का कोई मौका नहीं चूक रहे थे। भाषा की मर्यादा तक को भुला दिया गया था। वीच– बीच में कांग्रेस आला कमान ने तमाम कोशिशें कीं कि दोनों नेताओं के वीच सुलह कराई जाए।

**वाद में सचिन ने अपने लिए पार्टी और सरकार में ज्यादा सम्मानजनक स्पेस हासिल करने के लिए समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा के एक होटल में डेरा डाला तो गहलोत ने बड़ी सफाई से इस प्रयास को सचिन की कांग्रेस और पार्टी नेतृत्व से बगावत के रूप में पेश किया। इसके बाद के घटनाक्रम में सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा और प्रदेशाध्यक्ष पद पर भी गोविंद सिंह डोटासरा को बिठा दिया गया।**

लेकिन हर वार नाकामी हाथ लगी। कई बार यह भी लगा कि हाई कमान की कोई सुनने को तैयार नहीं है। उसकी कमजोरी साफ नजर आती थी। लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की विजय और कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खडग़े के आसीन होने के बाद अव गहलोत और सचिन के वीच फिर से सुलह कराई गई है। बताया गया है कि कांग्रेस ने एक सर्वे कराया था जिससे पता लगा कि कांग्रेस नेता एकजुट होकर चुनाव में नहीं उतरे तो उन्हें शिकस्त मिलना तय है। आम जनता में कांग्रेस की सड़क दिख रही खींचतान कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा था । अव 10 जनपथ के हस्तक्षेप के वाद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रयास से दोनों नेताओं ने एक साथ मिलकर कांग्रेस को जिताने के लिए काम करने का भरोसा दिलाया है। लेकिन लगता नहीं है कि ऐसा हो पाएगा क्योंकि दोनों एक दूसरे का विरोध करते–करते इतना आगे निकल चुके हैं कि उनमें भरोसे का संकट खत्म होना संभव नहीं है ।

# आंदोलन मैनेज हो गया?



इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार ना कर पुलिस ने डर और आशंकाओं का वह माहौल बनने दिया, जिससे उत्पीड़ित पहलवानों का हौसला टूटा। इस रूप में न्याय की भावना के साथ एक तरह का विश्वासघात हुआ है।

यौन उत्पीडऩ के खिलाफ आंदोलन पर उतरे पहलवान सार्वजनिक रूप से भले यह कह रहे हों कि उनका संघर्ष जारी रहेगा, लेकिन जिस रूप में लगभग डेढ़ महीने तक यह आंदोलन चला, उसके आगे भी जारी रहने की संभावना न्यूनतम है। इस बात के साफ संकेत हैं कि गृह मंत्री अमित शाह इस आंदोलन को मैनेज करने में सफल हो गए हैं। पहलवानों के साथ उनकी सहमति बन जाने के ठोस संकेत हैं। बेशक, (कथित तौर पर) उत्पीड़ित महिला पहलवान हुई थीं, इसलिए पहलवानों को यह अधिकार है कि वे अपना हित देखें और किसी समाधान पर पहुंचने के प्रयास में शामिल हों। लेकिन गौरतलब यह है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उसमें एक नाबालिग पहलवान के यौन उत्पीडऩ का मामला भी है, जो पॉक्सो कानून के तहत आता है। इसी एफआईआर को वापस लिए जाने या इसे बदले जाने की बात मीडिया में आई है। बहरहाल, विधि विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय न्याय व्यवस्था के तहत जघन्य अपराध एक बार दर्ज हो जाने के बाद उत्पीड़ित व्यक्ति भी उसे वापस नहीं ले सकता, लेकिन यह राज्य के खिलाफ अपराध का मामला बन जाता है।

ये दीगर बात है कि अगर उत्पीड़ित पक्ष मामले को आगे बढ़ाने में सहयोग ना करे, तो फिर केस साबित होने की संभावनाएं बेहद कम हो जाती हैं। इस बीच नौ जून को आंदोलन का प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित हो चुका है, तो दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने आरोपी बृजभूषण शरण सिंह से उनके घर जाकर पूछताछ की है। कुल संकेत यह है कि अब जो भी मामला चलेगा, वह पुलिस और कानून की दायरे में चलेगा। इस तरह जन आंदोलन से सत्ताधारी भाजपा के लिए जो असहज स्थितियां बन रही थीं, उन्हें नियंत्रित कर लिया गया है। इसके बावजूद इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार ना कर पुलिस ने डर और आशंकाओं का वह माहौल बनने दिया, जिससे उत्पीड़ित पहलवानों का हौसला टूटा। इस रूप में न्याय की भावना के साथ एक तरह का विश्वासघात हुआ है। यह इस देश के लिए गहरी चिंता की बात है।



# सवाल सुरक्षित यात्रा का

इस बीच कई ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर सवाल उठे हैं।

ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना ने फिर भारत में रेलवे सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान खींचा है। यह हादसा ऐसे समय में हुआ, जब भारत सरकार रेल यात्रा को कथित रूप से तेज और सुखद बनाने की कोशिश कर रही है। पिछले कुछ सालों से भारत सरकार ने रेल नेटवर्क में से एक में हाई–स्पीड–ऑटोमेटेड ट्रेनों को शुरू करके रेल आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने का दावा किया है। सरकार के घोषित लक्ष्यों में 2024 तक रेलवे का 100 फीसदी विद्युतीकरण करना और 2030 तक नेटवर्क को कार्बन न्यूट्रल बनाना शामिल है। लेकिन इसी बीच कई ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर सवाल उठे हैं। भारतीय रेलवे को 13–14 लाख कर्मचारियों के साथ देश की जीवन रेखा माना जाता है। भारतीय ट्रेनों में प्रतिदिन लगभग सवा दो करोड़ लोग सफर करते हैं और रेलवे 30 लाख टन माल की ढुलाई करती है। लगभग 68,000 किलोमीटर के ब्रॉड–गेज नेटवर्क पर 21,000 से अधिक ट्रेनें दौड़ती हैं। मगर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) के एक आकलन के मुताबिक, 2017–18 से 2020–21 के बीच खराब ट्रैक रखरखाव, ओवरस्पीडिंग और मैकेनिकल फेलियर ट्रेनों के पटरी से उतरने के प्रमुख कारण रहे।

दिसंबर 2022 में संसद में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया कि इन दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण रेलवे पटरियों पर रखरखाव की कमी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रैक नवीनीकरण के लिए फंड में कमी आई है और कई मामलों में इसका पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। रेलवे ने ट्रेनों की टक्कर को रोकने के लिए एक ऑटोमैटिक ट्रेन प्रॉटेक्शन सिस्टम 'कवच पर 2012 में काम शुरू किया था। इसका पहला परीक्षण 2016 में किया गया था।

2022 में इसका लाइव डेमो दिखाया गया और इसे लॉन्च किया गया। लेकिन रेल नेटवर्क में अभी यह सिर्फ दो प्रतिशत हिस्से में कार्यरत है। तो साफ है कि हादसों का कारण ढांचागत कमजोरियां और भटकी प्राथमिकताएं हैं। जब तक ये मौजूद हैं, रेल यात्रा सुरक्षित नहीं हो सकेगी।

# क्या आप भी दांत साफ करते समय ब्रश को करते है गीला ? तो जान लीजिए क्या कहते है एक्सपर्ट्स

दांत को साफ करने के लिए लोग ब्रश करते हैं. साइंस के अनुसार, कम से कम 2–3 मिनट तक दांतों को ब्रश करना चाहिए. एक विशेषज्ञ का कहना है कि हम में से लाखों लोग गलत तरीके से अपने दांतों को ब्रश कर रहे हैं. लंदन में मैरीलेबोन स्माइल क्लिनिक के संस्थापक डॉ. साहिल पटेल (छ्ह्ल्र् स्र्ड्डह्लद्गद्य क्रड्डह्लद्गद्य) ने बताया कि वह अक्सर अपने मरीजों को कई त्रुटियों करते हुए देखते हैं जो उनकी ओरल हेल्थ के लिए खतरनाक हो सकती है. ऐसी ही सबसे बड़ी त्रुटियों में से एक है, ब्रश पर टूथपेस्ट लगाने से पहले लोग टूथब्रश को गीला कर लेते हैं. अगर आप ऐसा करते हैं तो आप गलत कर रहे हैं.


टूथब्रश को गीला करने से क्या होता है?

डॉ. साहिल ने बताया कि यदि आप टूथपेस्ट लगाने से पहले लोग टूथब्रश को गीला कर रहे हैं तो ऐसा करना गलत होता है. इसकी वजह है कि टूथपेस्ट में पहले से ही सही मात्रा में नमी होती है तथा यदि आप ब्रश को भी गीला कर लेंगे तो ज्यादा नमी की वजह से झाग जल्दी बनेगा. डॉ. साहिल कहते हैं, 'यदि आपका टूथब्रश गीला होगा तो यह तेजी से झाग बनाएगा तथा आप जल्दी से टूथपेस्ट को मुंह से बाहर कर देंगे. इसके अतिरिक्त जोर लगाकर ब्रश करना, इंटरडेंटल ब्रश पर फ्लॉस लगाकर ब्रश करने से भी ओरल हेल्थ बिगड़ सकती है.' ऐसे में कई व्यक्तियों का सवाल होगा कि ब्रश को यदि नहीं धोएंगे तो उसमें जो धूल लग जाती है, उससे कैसे बचें? विशेषज्ञ की सलाह है कि टूथब्रश को धूल से बचाने के लिए कैप आता है. ब्रश करने के पश्चात् वह कैप टूथब्रश में लगा दें जिससे ड्डउसमें धूल नहीं लगेगी.

डॉ. साहिल कहते हैं, 'यदि ब्रश दांतों पर फिसल रहे हैं तो वह अच्छे से काम नहीं करेंगे. दांत कठोर होते हैं तो ब्रश को साफ होना चाहिए जिससे वह दांतों के बीच की सफाई करते हुए कोनों में से भी गंदगी निकाल सकें. जहां टूथब्रश नहीं पहुच पाता वहां की सफाई फ्लॉस से की जाती है. डॉ. साहिल बोलते हैं, 'मैं चाहता हूं कि कोई दिन में कई बार ब्रश करने की जगह एक बार भी अच्छी प्रकार से ब्रश कर सकता है. दिक्कतें तब शुरू होती हैं जब हम नियमित रूप से केवल दांतों की ही सफाई करते हैं. यदि आप सही प्रकार से दिन में एक बार भी ब्रश करते हैं तो वह बेहतर होगा. किन्तु मैं सलाह दूंगा कि सुबह उठकर ब्रश करना सबसे अच्छा होता है.



# फ्रेंच ओपन : सेमीफाइनल में पहुंचे ज़्वेरेव



पेरिस । एलेक्ज़ेंडर ज़्वेरेव ने फ्रेंच ओपन 2023 के चर्टरफाइनल में अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जर्मनी के 22वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर एचवेरी को 6–4, 3–6, 6–3, 6–4 से मात दी। सेमीफाइनल में उनका सामना होल्गर रूने या कैस्पर रूड में से किसी एक से होगा।

ज़्वेरेव ने जीत के बाद कहा, दिन के दौरान परिस्थितियां मेरे लिये काफी बेहतर होती हैं। गेंद बहुत तेज है और ऊंची उछलती है। मुझे मिट्टी पर खेलना पसंद है और दिन में स्थिति बेहतर होती है। मैं रोलां गैरो के सेमीफाइनल में हूं और मैं इससे खुश हूं। ज़्वेरेव पिछले साल भी रोलां गैरो के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, लेकिन तब वह राफेल नडाल के खिलाफ मुकाबले के दौरान एड़ी में चोट लगने के कारण रिटायर हो गये थे। छह महीने तक कोर्ट से दूर रहने के बाद ज़्वेरेव ने जनवरी में दोबारा रैकेट उठाया और धीरे–धीरे अपनी लय हासिल की। ज़्वेरेव ने कहा, पिछला एक साल मेरे जीवन का सबसे कठिन साल था। मैं टेनिस से बेहद प्यार करता हूं और मुझसे मेरी प्रतिस्पर्धा छीन ली गयी थी। मैं इस मुकाम पर वापस आकर बहुत खुश हूं।

इसी बीच, बीट्रिज़ हद्दाद मैया चर्टरफाइनल में ट्यूनीशिया की ओन्स जब्योर को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली ब्राज़ीलियन महिला बन गयीं। कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर खेले गये मुकाबले में हद्दाद मैया ने जब्योर को दो घंटे 29 मिनट में 3–6, 7–6(5), 6–1 से मात दी। सेमीफाइनल में हद्दाद मैया का सामना गुरुवार को पोलैंड की इगा स्वियातेक से होगा, जो एकतरफा चर्टर-फाइनल में अमेरिका की कोको गौफ को 6–4, 6–2 से हराकर आ रही हैं।

हद्दाद मैया किसी ग्रैंड स्लैम आयोजन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी ब्राज़ीलियन महिला भी हैं। ओपन एरा में उनसे पहले सिर्फ मारिया बुएनो (1968) ने अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में ब्राज़ील का प्रतिनिधित्व किया है। रोला गैरों से पहले हद्दाय मैया ने न तो किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के दूसरे चरण से आगे कदम रखा था और न ही जब्योर के खिलाफ एक भी सेट जीता था। चर्टरफाइनल के पहले सेट में भी जब्योर ने ही बाज़ी मारी, लेकिन हद्दाद मैया ने शानदार वापसी करते हुए जीत अपने नाम कर ली।

पहला सेट गंवाने के बाद हद्दाद मैया ने मजबूत सर्विस की। जब मुकाबला 5–5 पर बराबर था तब जब्योर ने दो ब्रेक पॉइंट अर्जित किये, लेकिन हद्दाद मैया ने दोनों बार ही उन्हें जीतने नहीं दिया। जब्योर ने खुद भी एक ब्रेक पॉइंट बचाया, लेकिन टाइब्रेकर में हद्दाद मैया के मजबूत फोरहैंड ने उन्हें यह सेट जिता दिया।

तीसरे सेट में हद्दाद मैया ने तेजी के साथ 3–0 की बढ़त बनाई, लेकिन जब्योर ने भी संघर्ष करते हुए एक गेम अपने नाम किया। जब हद्दाद मैया 5–1 से आगे थीं तब जब्योर ने सर्व करते हुए चार अप्रत्याशित गलतियां कीं, जिन्होंने हद्दाद मैया को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।

## भारत–ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट फाइनल में काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे खिलाड़ी

लंदन । भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के साथ–साथ मैच अधिकारियों को इस महीने की शुरूआत में हुई ओडिशा ट्रेन त्रासदी के पीड़ितों को सम्मान देने के लिए द ओवल में 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की शुरूआत से पहले काली पट्टी बांधे देखा गया। राष्ट्रगान से पहले, ओडिशा के बालासोर जिले में बहानागा बाजार रेलवे स्टेशन के पास हुई दुखद ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों की याद में मैदान में सभी ने एक मिनट का मौन रखा। पिछले शुक्रवार को, तीन ट्रेनों (दो पैसेंजर और एक मालगाड़ी) की टक्कर में 288 लोगों की मौत हो गई और 1000 से अधिक घायल हो गए। इस दुर्घटना को लगभग दो दशकों में भारत में सबसे खराब ट्रेन दुर्घटनाओं में से एक माना गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, टीम मौतों पर शोक व्यक्त करती है और उन सभी लोगों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है, जिन्होंने दुखद रूप से अपनी जान गंवाई।

# पहलवानों के साथ अनुराग ठाकुर की बैठक खत्म, 15 जून तक होगी बृजभूषण के खिलाफ जांच पूरी



नयी दिल्ली । केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ छह घंटे तक चली बैठक के बाद कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस की जांच 15 जून तक पूरी हो जायेगी। ठाकुर ने कहा कि डब्ल्यूएफआई के नये अध्यक्ष के चुनाव 30 जून तक होंगे। कुश्ती महासंघ का दैनिक कामकाज फिलहाल भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति के हाथ में है। ठाकुर ने कहा कि चुनाव होने तक इस समिति में दो कोचों को शामिल किया जायेगा। ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने कल सरकार की ओर से पहलवानों को बैठक का न्योता दिया था। लगभग छह घंटे चली इस बैठक में हमने पहलवानों को आश्वासन दिया है कि (बृजभूषण पर) लगे आरोपों की जांच करके 15 जून तक चार्जशीट दायर की जायेगी, और डब्ल्यूएफआई के चुनाव 30 जून तक किये जायेंगे। उन्होंने कहा, कुश्ती महासंघ में शिकायत समिति बनायी जायेगी, जिसकी अध्यक्षता एक महिला करेगी। जब तक कुश्ती महासंघ के चुनाव नहीं होते तब तक आईओए की तदर्थ समिति में दो कोचों को शामिल करने के लिये उनका नाम प्रस्तावित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ठाकुर ने बीती देर रात ट्वीट कर कहा था कि पहलवानों को बैठक के लिये आमंत्रित किया गया है। उन्होंने ट्वीट किया था, सरकार पहलवानों से उनके मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है। मैंने एक बार फिर पहलवानों को इसके लिये आमंत्रित किया है। पहलवान साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया और सत्यव्रत कादियान ठाकुर के आवास पर आज उनसे मुलाकात करने गये। बैठक के बाद ओलंपिक मेडलिस्ट पूनिया ने कहा कि उनकी सरकार से कुछ बिंदुओं पर बात हुई है। ठाकुर ने बताया कि पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के नये प्रशासन से बृजभूषण और उनके संबंधियों को दूर रखने की मांग की है। साथ ही पहलवानों ने महिला पहलवानों को सुरक्षा देने की मांग भी की है। ठाकुर ने कहा कि पहलवान 15 जून तक आरोप पत्र दायर होने को लेकर राज़ी हैं, इसलिये वे या उनसे जुड़े हुए लोग इस मामले में प्रदर्शन नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि बजरंग, साक्षी और विनेश फोगाट एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं, जिनमें से एक पॉक्सो (यौन अपराधों से नाबालिगों का संरक्षण) से संबंधित है। दिल्ली पुलिस ने बीते शनिवार बृजभूषण के गोंडा स्थित निवास जाकर इस मामले में वहां मौजूग कर्मचारियों और सहयोगियों से सवाल–जवाब किये थे।

# स्टीव स्मिथ ने माइकल क्लार्क का रिकॉर्ड किया ध्वस्त



नई दिल्ली, भारत और इंग्लैंड के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट गंवाए। इसमें सेट बल्लेबाज ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ का विकेट शामिल है। आउट होने से पहले स्मिथ ने रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी। गौरतलब हो कि स्टीव स्मिथ ने लंदन के द ओवल स्टेडियम में बेतरीन बल्लेबाजी की। भारत के खिलाफ शतक लगाकर वह इस मैदान पर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डॉन ब्रेडमैन का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। हालांकि उनके पास दूसरी पारी में उनसे आगे निकलने का मौका है।

**भारत के खिलाफ बनाए 2000 से ज्यादा रन**

इसके अलावा स्मिथ ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। भारत के खिलाफ 60 प्लस की औसत से 2000 से ज्यादा रन बनाने वाले स्मिथ तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में स्मिथ से पहले दो बल्लेबाज मात्र ऐसा कर सके हैं। स्मिथ से पहले स्मिथ से पहले रिकी पोंटिंग (2555) और माइकल क्लार्क (2049) ऐसा कर सके हैं।

भारत के खिलाफ सेमीफाइनल लगाया है शतक

इसके अलावा स्टीव स्मिथ दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल में एक ही टीम के खिलाफ शतक जमाए हैं। स्मिथ ने 2015 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में 105 रन बनाए थे। अब स्मिथ ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत के खिलाफ ही शतक जमाया।

# बोलैंड की गेंद पहले लहराई, फिर अंदर आई और ले उड़ी गिल्ली, भौचक्के रह गए शुभमन गिल

नई दिल्ली, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी दूसरे दिन 469 रन के स्कोर पर सिमट गई। भारत की शुरुआत खराब रही। कप्तान रोहित शर्मा और युवा ओपनर शुभमन गिल सस्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। पैट कमिंस ने रोहित को तो बोलैंड ने शुभमन गिल को आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया की पारी के बाद भारत के लिए रोहित शर्मा और शुभमन गिल ओपनिंग करने आए। भारत का पहला विकेट 30 के स्कोर पर गिरा, जब पैट कमिंस ने रोहित शर्मा को 15 के निजी स्कोर पर पवेलियन भेजा। टीम इंडिया को दूसरा झटका 30 के स्कोर पर ही गिरा। स्कॉट बोलैंड ने शुभमन गिल को 13 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड कर दिया।



**शुभमन गिल को भी नहीं हुआ यकीन**

गिल जिस गेंद पर बोल्ड हुए, उसे वह छोड़ने गए थे, लेकिन गेंद चीरती हुई सीधा विकेट में जा टकराई। शुभमन को लग रहा था कि गेंद बाउंस होगी और विकेट के ऊपर से निकल जाएगी, लेकिन उनका यह अनुमान गलत साबित हुआ। शुभमन को यकीन नहीं हुआ की वह आउट हो चुके हैं। गिल ने 15 गेंदों का सामना करते हुए 2 चौके लगाए।


**बोलैंड खेल रहे हैं 8वां टेस्ट मैच**

गौरतलब हो कि स्कॉट बोलैंड अपने टेस्ट करियर का केवल 8वां मैच खेल रहे हैं। उन्होंने इससे पहले तक 13 पारियों में 28 टेस्ट विकेट लिए हैं। उन्होंने 14 वनडे और 3 टी20क मैच भी खेले हैं। वनडे में बोलैंड ने 16 और टी20 फॉर्मेट में 3 विकेट लिए हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 339 विकेट दर्ज हैं।

## फिल्मी सफर

# ‘द नाइट मैनेजर सीजन 2’ के जरिए धमाल मचाने को तैयार हैं अनिल कपूर

अनिल कपूर स्टारर वेब सीरीज द नाइट मैनेजर का पहला सीजन हिट रहा था। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई इस सीरीज पर दर्शकों ने जमकर प्यार लुटाया था। साथ ही फैन्स को सीरीज के दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार था। अब दर्शकों का इंतजार समाप्त हो गया है।अनिल कपूर ने अपनी सीरीज के दूसरे सीजन के रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर स्टारर सीरीज ‘द नाइट मैनेजर सीजन 2’ अब 30 जून को रिलीज कर दिया जाएगा। इसको लेकर काफी बज बना हुआ है। अनिल कपूर इस सीरीज में एक आर्म्स डीलर की भूमिका निभा रही हैं। बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर इस सीरीज में शानदार किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। सीरीज में अनिल कपूर एक हथियार डीलर की भूमिका को जीवंत करते दिख रहे हैं। अनिल कपूर के साथ आदित्य रॉय कपूर भी इस सीरीज में अहम किरदार निभा रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर एक अंतरराष्ट्रीय आर्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी खोजने के लिए के लिए सरकार द्वारा लगाए गए एक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 30 जून को रिलीज होगी।



**अनिल कपूर के साथ ये सितारे निभाएंगे मुख्य किरदार**

इस वेब सीरीज में अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर अहम भूमिका में नजर आए हैं। इसके साथ ही दूसरे किरदारों में भी बेहतरीन एक्टर्स को कास्ट किया गया है। नाइट मैनेजर पार्ट 2 के डायरेक्टर संदीप मोदी हैं। सीरीज का निर्देशन प्रियंका घोष ने किया है। सीरीज में अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर के साथ नाइट मैनेजर में शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, रवि बहल और सास्वता चटर्जी भी प्रमुख भूमिकाएं निभाते नजर आएंगे। नाइट मैनेजर का पहला पार्ट फरवरी 16 को ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया था। इस सीरीज को खूब पसंद किया गया था।

अनिल कपूर के किरदार ने काफी तारीफ बटोरी है। अब अनिल कपूर के फैन्स लगातार दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। अब फैन्स का इंतजार खत्म हो गया है। अब ये इस सीरीज का दूसरा सीजन 30 जून के डिज्नी प्लस हॉटस्टीर पर रिलीज कर दिया जाएगा।

## शबाना आजमी ने पूरे करियर में मेरा उत्साह बढ़ाया है : प्रतीक बब्बर

अभिनेता प्रतीक बब्बर जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी के साथ काम करते दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि शबाना आजमी ने उनके पूरे करियर के दौरान उनका उत्साह बढ़ाया है। प्रतीक और शबाना आजमी शेफ विकास खन्ना की किताब ‘इमेजिनरी रेन’ पर आधारित फिल्म में साथ नजर आएंगे। हाल ही में, एक इंटरव्यू के दौरान शबाना भावुक हो गईं क्योंकि वह हमेशा से उनके साथ काम करने की इच्छा जाहिर करती हुईं आई हैं।

उन्होंने कहा, हां, हमने गुरुवार को यह स्क्रिप्ट पढ़ी थी। प्रतीक में बिल्कुल उनकी मां की छवि दिखाई देती है। बहुत ज्यादा समानता है। मुझे कई चीजें याद आ गई। प्रतीक के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

अब उसी पर बात करते हुए, प्रतीक ने उनके साथ काम करने के लिए दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने साझा किया, शबाना मैम मेरे पूरे करियर में हमेशा बहुत उत्साहजनक रही हैं। मैंने अक्सर उनके साथ काम करने की इच्छा जताई है।

# रसिका दुगल ने उदयपुर में शुरू की नई वेब सीरीज की शूटिंग

एक्ट्रेस रसिका दुगल ने राजस्थान के झीलों के शहर उदयपुर में एक रोमांचक नई वेब सीरीज की शूटिंग शुरू कर दी है।

प्रोजेक्ट डिटेल्स को गुप्त रखा गया है, सूत्रों ने खुलासा किया है कि यह एक प्रमुख प्रोडक्शन हाउस द्वारा उच्च अपेक्षित प्रोडक्शन है। रसिका मुख्य किरदारों में से एक की भूमिका निभाएंगी।

रसिका ने पहला शेड्यूल शुरू करने के लिए जून के पहले सप्ताह में उदयपुर के लिए फ्लाइट से उड़ान भरी थी, जो जुलाई के पहले सप्ताह तक चलेगा। इसके बाद, शूटिंग अगस्त में दूसरे शेड्यूल के लिए मुंबई जाएंगी।



रसिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए प्रयास के लिए अपना उत्साह साझा किया, जहां उन्होंने एक शानदार पृष्ठभूमि के साथ स्क्रिप्ट पढ़ते हुए एक तस्वीर पोस्ट की। नए प्रोजेक्ट के बारे में इशारा करते हुए उन्होंने उदयपुर डायरीज, शूट लाइफ और उदयपुर समेत हैशटैग का इस्तेमाल किया।

उनकी आगामी रिलीज में अमेजन प्राइम सुपरनैचुरल थ्रिलर च्अधूराज् है, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने का वादा करती है। रसिका ने हाल ही में मिजार्पुर के बहुप्रतीक्षित तीसरे सीजन की शूटिंग पूरी की है, जो इस साल रिलीज होने वाली है।

# सुई धागा के बाद एक बार फिर दिखाई देगी वरुण और अनुष्का की जोड़ी



अनुष्का शर्मा बेटी के जन्म के उपरांत एक लंबे वक्.त से स्क्रीन से दूर हैं। हालांकि, उनकी मूवी चकदा एक्स्प्रेस जल्द ही नेटफ्लिक्स पर इस साल के अंत तक रिलीज होने वाली है। यह एक बायोपिक है, जिसमें एक्ट्रेस महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का किरदार निभाती हुई दिखाई देने वाली है। लेकिन अब हाल ही में रिपोर्ट्स की मानें तो इस मूवी के उपरांत एक बार फिर से वह बड़े पर्दे पर अपने ऑडियंस के बीच आने की तैयारी कर रही हैं। खबरों का कहना है कि वह वरुण धवन के बाद एक बार फिर से बड़े पर्दे पर जवान के निर्देशक एटली की फिल्म में दिखाई दे सकती है। बीते बहुत वक्.त से मीडिया में ये खबर आ रही थी कि वरुण धवन जल्द ही साउथ के सबसे बेहतरीन डायरेक्टर्स में से एक एटली के साथ जल्द ही कार्य भी करते हुए दखाई देने वाले है। उनकी आगामी फिल्म एक्शन से भरपूर होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन के अपोजिट इस मूवी में मेकर्स ने अनुष्का शर्मा को अप्रोच किया है। बता दें कि ये अनटाइटल मूवी एक एक्शन थ्रिलर होने वाली है, जिसे जवान के डायरेक्टर एटली कुमार, मुराद खेतानी के साथ मिलकर प्रोड्यूसर करने वाले है, जो इससे पहले कबीर सिंह और भूलभुलैया 2 जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस कर चुके है। रिपोर्ट्स का कहना है कि वरुण धवन स्टारर इस फिल्म में दो लीड एक्ट्रेस होने वाली है, जिसमें से एक रोल में अनुष्का शर्मा दिखाई देंगी और दूसरी लीडिंग लेडी की तलाश अब भी मेकर्स अब भी करने में लगे हुए है।

# रणवीर सिंह डॉन 3 और बैजू बावरा में आएंगे नजर, जल्द शुरू करेंगे शूटिंग

साल 2022 रणवीर सिंह के लिए अच्छा नहीं गया था। उनकी फिल्म सर्कस का लोगों को काफी समय से इंतजार था, लेकिन जब फिल्म पर्दे पर आई तो दर्शक काफी निराश हुए। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसके बाद काफी समय से रणवीर की नई फिल्म की घोषणा नहीं हुई है, ऐसे में उनके स्टारडम की चमक भी फीकी हो रही थी। अब आखिरकार रणवीर ने अपने लिए नई फिल्में चुन ली हैं।

रणवीर सिंह इन दिनों फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा फिलहाल उनकी किसी फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर ने अपनी आने वाली 2 फिल्में साइन कर ली हैं, जिनकी शूटिंग वह 2024 और 2025 तक पूरी होगी। रिपोर्ट की मानें तो रणवीर डॉन 3 और बैजू बावरा का हिस्सा बन गए हैं।रणवीर ने संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा के लिए हां कर दी है। फिल्म के लिए रणवीर का नाम लगभग तय माना जा रहा था, लेकिन पैसों को लेकर बात नहीं बन रही थी।



रणवीर इससे पहले गोलियों की रासलीलाः रामलीला, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री के लिए आलिया का नाम पहले ही तय हो चुका है।कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि डॉन 3 में शाहरुख खान मुख्य भूमिका में नजर नहीं आएंगे। नई जानकारी के अनुसार, इस फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए रणवीर का नाम तय हो गया है। जल्द ही निर्माता एक वीडियो के जरिए इसकी घोषणा करेंगे। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि रणवीर ने इस वीडियो की शूटिंग कर ली है। फरहान अख्तर अपनी फिल्म जी ले जरा के बाद डॉन 3 पर काम शुरू करेंगे।इस बीच रणवीर, रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन की भी शूटिंग करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर इस फिल्म के लिए करीब 30 दिन तक शूटिंग करेंगे। सिंघम अगेन की कहानी में रणवीर का किरदार अहम है। फिल्म में उनकी उपस्थिति महज कैमियो नहीं, बल्कि कहानी की अहम कड़ी होगी। रणवीर, रोहित की कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंबा में नजर आए थे। अब सिंघम अगेन में इस यूनिवर्स के सभी किरदारों का मेल देखने को मिलेगा। रणवीर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को रिलीज होगी। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि रणवीर किशोर कुमार की बायोपिक में नजर आ सकते हैं। पहले इस फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका निभा रहे थे। आदित्य धर की फिल्म द इम्मेर्टल अश्वत्थामा में भी रणवीर की एंट्री की बात सामने आई थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com